# प्रधानमंत्री रखेंगे देश के पहले पीएम मित्र पार्क की नींव

## मध्यप्रदेश के धार जिले के भैंसोला ग्राम से देंगे अनेक सौगातें

भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 सितम्बर को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला आएंगे। प्रधानमंत्री 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण' अभियान और 'आदि सेवा पर्व', का शुभारंभ करेंगे। साथ ही देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहेंगे। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार एवं पोषण अभियान महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के लिए स्वास्थ्य और पोषण सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में यह अभियान ऐतिहासिक कदम है। अभियान का संचालन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण और महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त रूप से करते हुए महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता लाने स्वास्थ्य शिविरों और स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से निवारक, संवर्धनात्मक और उपचारात्मक सेवाओं की आपूर्ति करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शिलान्यास किये जा रहे पीएम मित्र पार्क का सबसे बड़ा लाभ प्रदेश के कपास उत्पादकों को मिलेगा। लगभग 2158 एकड़ में विकसित होने वाला पीएम मित्र पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएँ विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं। पीएम मित्र पार्क में देश की अग्रणी टैक्सटाइल कंपनियों ने भरोसा जताते हुए अब तक 23 हजार 146 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव दिये हैं। धार से तैयार वस्त्र और परिधान अब सीधे ग्लोबल मार्केट में पहुंचेंगे, जल्दी ही मध्यप्रदेश की पहचान अब टैक्सटाइल-हब के रूप में होने लगेगी। पीएम मित्र पार्क से लगभग 3 लाख रोजगार सृजित होंगे। इसमें एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार शामिल होंगे। कपास आधारित उद्योगों के विस्तार से किसानों को उनकी फसल का दोगुना मूल्य मिलेगा।

### आदि सेवा पर्व

आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत आदि सेवा पर्व जनजातीय गौरव और राष्ट्र निर्माण के संगम का प्रतीक पर्व होगा। इस दौरान जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कौशल विकास, आजीविका संवर्धन, स्वच्छता, जल-संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसी सेवा गतिविधियाँ आयोजित होंगी। हर गतिविधि के केन्द्र में सेवा का भाव और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प होगा। इस अभियान में ट्रायबल विलेज एक्शन प्लान एवं ट्रायबल विलेज विजन 2030 पर विशेष जोर दिया जायेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक गाँव के लिए विकास का दीर्घकालिक रोडमैप तैयार किया जायेगा।

### एक बगिया माँ के नाम

पर्यावरण सुधार के साथ महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिये चलाये जा रहे एक बगिया माँ के नाम अभियान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिला स्व-सहायता समूह की एक महिला को पौधा भेंट करेंगे। मध्यप्रदेश में अब तक 10 हजार 162 महिलाओं को माँ की बगिया तैयार करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। समूह की महिलाओं को पौधों की सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

### सुमन सखी चैटबॉट की लॉन्चिंग

प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में जागरूकता के लिये सुमन सखी चैटबॉट लांच करेंगे। इससे ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों की गर्भवती महिलाओं को समय पर सही जानकारी और आवश्यक सेवाएं मिल सकेंगी। प्रधानमंत्री सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं काउंसिलिंग के एक करोड़वें कार्ड का वितरण करेंगे। यह उपलब्धि ऐतिहासिक है।

### प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना की राशि का होगा अंतरण

प्रधानमंत्री मातृ-वंदना योजना मातृत्व के सम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से देश भर की पात्र महिलाओं के खातों में योजना की राशि अंतरित करेंगे। मध्यप्रदेश की लगभग एक लाख माता-बहनें इससे लाभान्वित होंगी।



### आरईएस का इंजीनियर रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** दमोह की अभिनव होम्स कॉलोनी में सागर लोकायुक्त ने मंगलवार दोपहर आरईएस के सब इंजीनियर राजन सिंह ठाकुर को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। सब इंजीनियर राजन सिंह ने ग्राम पंचायत बारामासा की सरपंच लीला गौंड से निर्माण कार्यों के मूल्यांकन के लिए 50 हजार रुपए की मांग की थी। सरपंच ने बताया कि 3.70 लाख की पुलिया, 4 लाख की सीसी रोड, 15 लाख का सामुदायिक भवन और 4 लाख की स्कूल बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य दो साल पहले पूरा हो चुका था। लेकिन सब इंजीनियर मूल्यांकन नहीं कर रहे थे। सरपंच ने पहले ही 10 हजार रुपए दे दिए थे। मंगलवार को 20 हजार रुपए लेते समय लोकायुक्त टीम ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया।

### महिला अधिकारी के घर मिले 2 करोड़ के जेवर

**गुवाहाटी।** असम सिविल सेवा की अधिकारी नूपुर बोरा को आय से ज्यादा संपत्ति रखने के आरोप में हिरासत में लिया गया। स्पेशल विजिलेंस टीम ने नूपुर के गुवाहाटी वाले घर पर छापा मारा। जहां से 92 लाख नकद और लगभग 2 करोड़ के जेवर बरामद किए गए। एक दूसरी टीम ने बारपेटा में उनके किराए के घर पर भी छापा मारा, जहां से करीब 10 लाख नकद बरामद हुए।

### महाराष्ट्र में जनवरी तक निकाय चुनाव कराने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में सभी स्थानीय निकायों के चुनाव 31 जनवरी 2026 तक कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह समयसीमा आखिरी मौका देते हुए तय की है और साफ किया है कि इसके बाद कोई और विस्तार नहीं दिया जाएगा। इसमें जिला परिषदों, पंचायत समितियों और सभी नगर पालिकाओं के चुनाव शामिल हैं। कोर्ट ने पहले की समय-सीमा का पालन न करने के लिए महाराष्ट्र राज्य चुनाव आयोग की विफलता पर नाराजगी जताई।

### गैंगस्टर अतीक अहमद पुलिस कस्टडी से फरार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही में एक गैंगस्टर एक्ट का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। यह घटना मंगलवार को दोपहर 1 बजे हुई। आरोपी अतीक अहमद को एक पुराने मामले में किशोर न्याय न्यायालय में पेश किया गया था, तभी उसने पुलिस को चकमा दे दिया। आरोपी को पेशी पर लाने वाले दो सब-इंस्पेक्टरों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## सिंगरौली में अडानी की कंपनी निकालेगी सोना

### चकरिया गोल्ड ब्लॉक से 18,356 टन सोना निकालने का एग्रीमेंट

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)



सिंगरौली जिले के चितरंगी क्षेत्र में स्थित 23 हेक्टेयर भूमि से 18,356 टन सोना निकाला जाएगा। चकरिया गोल्ड ब्लॉक का एग्रीमेंट अडानी ग्रुप की गरिमा नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को मिला है। जिला खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल ने बताया है कि कंपनी 5 वर्षों तक यहां गोल्ड माइंस का संचालन करेगी। कंपनी ने पिछले एक वर्ष में ड्रिलिंग के माध्यम से सोने का अनुपात निर्धारित कर लिया है। गोल्ड ब्लॉक से सिंगरौली खनिज विभाग को लंदन गोल्ड मार्केट के दर के अनुसार राजस्व प्राप्त होगा। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। खनन क्षेत्र का अधिकांश हिस्सा शासकीय भूमि है। कुछ भाग निजी भूमि के अंतर्गत आता है। सिंगरौली में पहले से ही कोयले की 11 खदानें संचालित हैं। पिछले 1 साल से कंपनी ने यहां पर ड्रिलिंग करके सोने का रेशियो पता कर लिया है। इस गोल्ड माइंस का जो रकबा है। उसका बहुत बड़ा हिस्सा शासकीय जमीन का है और कुछ हिस्सा निजी भूमिका है। खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल ने बताया कि इस गोल्ड माइंस के अतिरिक्त दो और गोल्ड ब्लॉक बनाए गए हैं। इनकी नीलामी हो चुकी है और वर्तमान में ड्रिलिंग कार्य चल रहा है। ड्रिलिंग के बाद अन्य दो खदानों में सोने की मात्रा का पता चलेगा।

## जाओ, भगवान से ही कुछ करने को कहो: सीजेआई

### खजुराहो के वामन मंदिर में खंडित विष्णु मूर्ति बदलने की याचिका खारिज

नई दिल्ली/खजुराहो



सुप्रीम कोर्ट ने खजुराहो के जवारी (वामन) मंदिर में भगवान विष्णु की 7 फीट ऊंची खंडित मूर्ति की बहाली की मांग वाली याचिका कर दी है। मंगलवार को सीजेआई बीआर गवई ने मामले की सुनवाई की। सीजेआई ने कहा- जाओ और देवता से खुद कुछ करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो। जाओ प्रार्थना करो। यह पुरातात्विक स्थल है। एएसआई को अनुमति देनी होगी माफ करना। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि यह मूर्ति मुगलों के आक्रमणों के दौरान खंडित हो गई थी और तब से यह इसी हालत में है। याचिकाकर्ता ने श्रद्धालुओं के पूजा करने के अधिकार की रक्षा करने और मंदिर की पवित्रता को पुनर्जीवित करने के लिए सर्वोच्च अदालत से हस्तक्षेप की मांग की थी। मामले में याचिकाकर्ता राकेश दलाल ने इस फैसले पर नाराजगी जताते हुए इसे अपनी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला बताया है। राकेश के मुताबिक, कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रतिमा जिस स्थिति में है, उसी में रहेगी। भक्तों को पूजा करनी है तो वे दूसरे मंदिर जा सकते हैं। याचिकाकर्ता राकेश दलाल ने बताया कि उन्होंने 13 जून को यह जनहित याचिका दायर की थी, जिसमें मुगलों के आक्रमण के दौरान खंडित हुई इस मूर्ति को बदलकर नई मूर्ति स्थापित करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर उन्होंने निराशा जताई।

### इंदौर ट्रक हादसे पर सीएम का सख्त एक्शन

## डीसीपी ट्रैफिक को हटाया एसीपी सहित 8 निलम्बित

**इंदौर।** इंदौर में हुए खौफनाक ट्रक हादसे को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने एक तरफ मृतकों के परिजनों के लिए 4-4 लाख रुपये की आर्थिक मदद की घोषणा की है, तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस उपायुक्त यातायात को हटाने के साथ-साथ 4 आरक्षकों को भी निलंबित कर दिया है। इसके अलावा, आपदा में बेहतर काम करने के लिए उन्होंने एक शख्स को पुरस्कृत किए जाने की घोषणा की है। इससे पहले सीएम यादव ने अस्पताल जाकर हादसे में घायल हुए लोगों के हालचाल जाने। अब इस घटना की जांच रिपोर्ट एसीएस होम पेश करेंगे। दरअसल, इंदौर हादसे के दूसरे दिन सीएम यादव इंदौर पहुंचे। उन्होंने घायलों और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि दुर्घटना अत्यंत हृदय विदारक थी और उस पीड़ा से वे रात भर परेशान रहे। उन्होंने मीडिया को बताया कि हादसे में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। घायलों को एक-एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। घायलों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। उन्होंने कहा कि इस भीषण घटना के मद्देनजर पुलिस उपायुक्त यातायात अरविन्द तिवारी को हटा दिया गया है। तिवारी को भोपाल कार्यालय अटैच किया जाएगा। सीएम मोहन यादव ने कहा कि ट्रक हादसे के चलते एसीपी सुरेश सिंह, प्रभारी एएसआई प्रेम सिंह, प्रभारी सूबेदार चन्द्रेश मरावी, निरीक्षक दीपक यादव को निलंबित कर दिया गया है। दूसरी ओर, कांस्टेबल पंकज यादव और ऑटो रिक्शा चालक अनिल कोठारी को अच्छा काम करने के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।



### धर्मांतरण पर राजनीति कर रही भाजपा : दिग्विजय



**बैतूल।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह मंगलवार को बैतूल पहुंचे। उन्होंने आदिवासियों की पहचान और धर्म को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा पूरी तरह संकुचित है। यह पार्टी न तो संविधान समझती है और न ही भारत की असली परंपरा को। भाजपा आदिवासियों को वनवासी बताकर उनकी अस्मिता मिटाना चाहती है, जबकि सच यह है कि भारत की सबसे पुरानी आबादी आदिवासियों की रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा- हम सब तो सेंट्रल एशिया से आए हैं, असली हक और पहला अधिकार तो आदिवासियों का ही है। वे प्रकृति के पूजक हैं और संविधान उन्हें अपनी आस्था के अनुरूप धर्म पालन का पूरा अधिकार देता है। फिर भाजपा क्यों आलोचना करती है? पूर्व सीएम ने साफ कहा कि धर्म परिवर्तन अगर आस्था और स्वप्रेरणा से होता है तो अपराध नहीं है, लेकिन जबरदस्ती या प्रलोभन से धर्मांतरण स्वीकार्य नहीं। भाजपा इस मुद्दे को सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए उठाती है।

## कांग्रेस की निंदा ही भाजपा का विकास

### कांग्रेस की कपड़ा मिल के मजदूर से मुख्यमंत्री बने थे बाबूलाल गौर



**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के उस बयान को मिथ्या बताया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस सरकार मध्य प्रदेश की कपड़ा मिलों को बचा नहीं पाई जिन्हें अंग्रेजों ने लगाया था। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता भूपेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बात सच है कि अंग्रेजों के जमाने में भी इंदौर में राजा बाजार और मालवा मिलें लगाई गई थीं लेकिन उसके बाद कांग्रेस के काल में आजादी के बाद इंदौर सहित पूरे प्रदेश में जो मिलें लगाई गई उन्हें मुख्यमंत्री के भाषण लिखने वाला व्यक्ति या तो जानता नहीं है या जानबूझकर मुख्यमंत्री को गुमराह करता है। गुप्ता ने कहा कि इंदौर में ही हुकुमचंद मिल, कल्याण मिल, स्वदेशी मिल, उज्जैन में श्री सिंथेटिक, सिद्धार्थ टेक्सटाइल, ग्वालियर रेयान ग्रेसिम, रूपम टेक्सटाइल, विद्या टेक्सटाइल आदि टेक्सटाइल मिलें डाली गईं और 70 और 80 के दशक में तो बुरहानपुर देश का टैक्सटाइल हब बन गया। कांग्रेस के इन कामों को भुला पाना का बीजेपी के निंदा अभियान के बस में नहीं है। गुप्ता ने कहा कि भाजपा को तो इस बात के लिए कांग्रेस काल का अनुग्रहीत होना चाहिए कि कांग्रेस द्वारा स्थापित भोपाल की कपड़ा मिल में मजदूरी करके ही निकले बाबूलाल गौर मजदूर से मुख्यमंत्री बने हैं। यह कांग्रेस की गरीब से गरीब आदमी को आगे बढ़ाने की नीतियों का ही परिणाम है। गुप्ता ने कहा कि बेहतर होगा कांग्रेस के कामों में निंदा रस लेने की बजाय भारतीय जनता पार्टी लोगों को काम करके दिखाए और जो 5 करोड़ 61 लाख लोग 5 किलो राशन पर निर्भर हैं उनके जीवन में बदलाव लाकर दिखाएं। 20 साल में उन्होंने जिस भ्रष्ट तंत्र को जन्म दिया है उसे बदलकर न्याय तंत्र बनाना मोहन सरकार की सबसे बड़ी चुनौती है अगर वह इसे न्याय तंत्र की तरफ ले जाने का काम करते हैं तो कांग्रेस भी उन्हें बधाई देने में पीछे नहीं हटेगी।

### संकट में बुनकरों की आजीविका

मुख्यमंत्री को ध्यान देना चाहिए कि महेश्वर, चंदेरी और जबलपुर के बुनकरों की आजीविका के संकट क्यों है और उनके लूमों को संरक्षण दें। मालवा, निमाण की जो जिनिंग मिलें शिवराज सरकार की गलत नीतियों से महाराष्ट्र चलीं गईं हैं उन्हें वापिस लाकर प्रदेश के काटन के गौरव को बचायें। यही प्रदेश की खुशहाली का रास्ता है।

## उत्तराखंड की टोंस नदी में ट्रैक्टर बहा, 8 लोगों की मौत

### सोंग नदी में बहने से 4 लोगों की जान गई

शिमला, देहरादून

उत्तराखंड के देहरादून में मंगलवार सुबह 5 बजे बादल फटा। इससे तमसा, कारलीगाड़, टोंस और सहस्त्रधारा नदी में जलस्तर बढ़ गया। सहस्त्रधारा समेत आसपास के कई इलाकों के घरों, दुकानों और मंदिरों में 5-6 फीट तक पानी भर गया। कई सड़कें भी बह गईं। विकास नगर में टोंस नदी में पानी का बहाव अचानक तेज होने से मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली नदी में बह गई। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग लापता हैं। वहीं, मालदेवता में सोंग नदी में 5 लोग बह गए, जिसमें से 4 के शव मिल गए हैं जबकि एक लापता है। तमसा नदी के किनारे बने टपकेश्वर महादेव मंदिर में पानी भर गया। यहां मौजूद दुकानें बह गईं। 2 लोग लापता हैं। सहस्त्रधारा में 5 लोगों को बचाया गया। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं।

## किस आधार पर दायर की है अपील

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने मालेगांव बम विस्फोट पीड़ितों के परिजनों को लगाई फटकार

मुंबई



बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को मालेगांव 2008 धमाके के पीड़ितों से पूछा है कि क्या वे साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित के खिलाफ मुकदमे में गवाह थे। पीड़ितों ने 31 जुलाई को सभी आरोपियों के बरी होने के फैसले के खिलाफ अपील दायर की है। अदालत ने अपील दायर करने वालों से सवाल किया कि अगर वे गवाह नहीं थे तो वे किस आधार पर अपील दायर कर रहे हैं। केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय जांच एजेंसी और राज्य सरकार की ओर से आतंकवाद निरोधक दस्ता ने अभी तक साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित सहित दो अन्य के बरी होने को चुनौती देते हुए कोई अपील दायर नहीं की है। दोनों ही एजेंसियों ने बरी करने के फैसले को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, पीड़ितों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील दायर कर सभी आरोपियों के बरी होने के फैसले को चुनौती दी है। ये अपील निसार अहमद हाजी सैयद बिलाल और पांच अन्य लोगों द्वारा दायर की गई है, जिन्होंने इस घटना में अपने रिश्तेदारों को खो दिया था। पीड़ित परिवारों ने 10 सितंबर 2025 को बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील दायर की, जिसमें सभी आरोपियों की बरी को चुनौती दी गई। अपील में आरोप लगाया गया कि एनआईए ने एटीएस द्वारा खोजे गए महत्वपूर्ण सबूत पेश नहीं किए। विशेष अदालत ने महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट के तहत आरोप हटा दिए, जिससे मुकदमा प्रभावित हुआ। अपीलकर्ताओं का कहना है कि अदालत ने छोटी-मोटी चूक और तकनीकी बिंदुओं पर भरोसा कर डाकघर की तरह काम किया, जबकि आरोपी की संलिप्तता साबित करने वाले सुसंगत सबूत थे। अपील में कहा गया, आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भारत के किसी भी अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र या पूजा स्थल के पास कोई बम विस्फोट नहीं हुआ जो एटीएस की बड़ी साजिश की थ्योरी का समर्थन करता है।

### कोर्ट ने स्थगित की सुनवाई

कोर्ट ने अपीलकर्ताओं से कहा, अगर आपके बेटे की मौत हुई है तो निश्चित रूप से आपने खुद जांच की होगी। क्या कारण है कि आपने खुद जांच नहीं की? आप खुद को पेश न करने का क्या कारण है? ये किसी के लिए भी अपील का रास्ता नहीं बनेगा। बेंच ने शेख को तैयार रहने का निर्देश दिया और सुनवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

### अपील पर कोर्ट ने दिखाई सख्ती

मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम ए अंखड़ की पीठ ने पूछा कि अपीलकर्ता कौन थे। अपीलकर्ताओं के वकील, मतीन शेख ने बताया कि वे उन लोगों के परिवार के सदस्य हैं, जिनकी घटना में मृत्यु हो गई थी। कोर्ट ने उनसे पूछा कि क्या वे गवाह थे या नहीं।

# पुरानी पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को कैसे लागू करेगी सरकार

### प्रमोशन में आरक्षण को लेकर मप्र हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को प्रमोशन में आरक्षण मामले पर सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया। मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि जब पुरानी पॉलिसी सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, तो फिर नई पॉलिसी क्यों लागू की जा रही है। सुनवाई के दौरान मप्र हाईकोर्ट ने बड़े ही व्यवहारिक तरीके से सवाल पूछे कि पहले रद्द किए प्रमोशन पर नई पॉलिसी कैसे काम करेगी। मप्र हाईकोर्ट ने सरकार का स्पष्टीकरण आने तक सुनवाई टाल दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार को ये बताने को कहा है कि जब उसकी पुरानी प्रमोशन पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट का कोई फैसला आता है तो उसे सरकार नई पॉलिसी के रहते कैसे लागू करेगी। हाईकोर्ट ने सरकार से ये भी पूछा है कि जब पुरानी प्रमोशन पॉलिसी पर सुप्रीम कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने के आदेश हैं और पुरानी पॉलिसी से हुए प्रमोशन रद्द भी किए गए हैं और नई पॉलिसी में सरकार, रद्द हुए प्रमोशन को कैसे डील करेगी।

***2016 में रद्द की थी प्रमोशन पॉलिसी***– सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता की ओर से कहा गया कि अपने सामान्य प्रशासन विभाग के जरिए सरकार ये क्लेरीफिकेशन जारी कर देगी। राज्य सरकार ने मप्र हाईकोर्ट से नई प्रमोशन पॉलिसी के तहत प्रमोशन शुरू करने की राहत भी चाही, लेकिन कोर्ट ने ऐसा आदेश देने से फिलहाल इंकार कर दिया। दरअसल मप्र सरकार की प्रमोशन पॉलिसी को जबलपुर हाईकोर्ट ने साल 2016 में असंवैधानिक पाते हुए रद्द कर दिया था। जिसके खिलाफ सरकार सुप्रीम कोर्ट गई थी जहां सुप्रीम कोर्ट ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। 9 साल से प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण न मिलने पर सरकार इसी साल 2025 में नई प्रमोशन पॉलिसी ले आई थी जिसे सपाक्स सहित कई याचिकाकर्ताओं ने हाईकोर्ट में चुनौती दे दी थी। याचिकाओं में कहा गया था कि सरकार पुरानी प्रमोशन पॉलिसी के अदालत में विचाराधीन रहते नई पॉलिसी लाई है जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को ओवररूल करने जैसा है। इन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने नई पॉलिसी के तहत फिलहाल कोई प्रमोशन न करने की ओरल अंडरटेकिंग दी थी जिसके चलते नई पॉलिसी को लागू नहीं किया जा सका है। इस संबंध में याचिकाकर्ता के वकील अमोल श्रीवास्तव का कहना है कि बहस का पहला पड़ाव भी सरकार पार नहीं कर पा रही है। जो रूल्स की संवैधानिकता को लेकर जो प्रश्न हैं, वहां तक कोर्ट नहीं पहुंच पा रहा है।

### *25 सितंबर को अगली सुनवाई*

मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा कि सुप्रीम कोर्ट में पुराने नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाएं लंबित हैं, सरकार की याचिका पूरी हो गई तो फिर इन रुल्स पर क्या इनका क्या प्रभाव होगा। इस पर महाधिवक्ता ने कहा कि हम जीएडी का सरकुलर निकालकर क्लेरिफाई कर देंगे। जिससे विसंगति दूर हो जाएगी। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की डिवीजन बैंच ने तब तक के लिए सुनवाई को टाल दिया है। एड. अमोल श्रीवास्तव ने बताया कि इसी मामले पर सुनीता जौहरी की भी याचिका लगी हुई है, उसे भी शामिल करते हुए अब 25 सिंतबर को सुनवाई होगी।

## इंदौर हादसे पर मप्र हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**जबलपुर।** इंदौर में सोमवार शाम तेज रफ्तार ट्रक लगभग एक किलोमीटर तक कई लोगों और वाहनों को कुचला, टक्कर मार दी। शहर के एयरपोर्ट रोड पर हुए इस हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं इलाज के दौरान एक और युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं 12 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मप्र हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की बेंच ने सुमोटो लेते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नर को तलब किया है। मप्र हाईकोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई में इंदौर पुलिस कमिश्नर वर्चुअली हाजिर हों और यह बताएं कि शहर में नो-एंट्री रहते हुए ट्रक कैसे घुस गया। मप्र हाईकोर्ट ने मामले पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। 23 सितंबर को अगली सुनवाई होगी ।



# भाषा ही है व्यक्तित्व की सुन्दरता

### हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन में प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत विविध साहित्यिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । उन्होंने अपने उद्बोधन में हिंदी दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार पुष्प की सुन्दरता उसकी सुगंध से होती है उसी प्रकार व्यक्तित्व की सुन्दरता उसकी भाषा है । यद्दपि सभी भाषाएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम हैं परन्तु हमारी मातृभाषा हिंदी है हमें अपनी भाषा को सर्वोपरि रखकर उसका मान-सम्मान करना चाहिए । इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में हिंदी भाषा के प्रति प्रेम, अभिव्यक्ति कौशल और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था । कार्यक्रम में भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोतरी तथा पहेलियाँ जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं । विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा से संबंधित विविध विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए और साहित्यिक रचनाएं सुनाकर सभी विद्यार्थियों व स्टाफ का मन मोह लिया ।

**बढ़-चढ़कर प्रतियोगिताओं में छात्रों ने लिया हिस्सा**– प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के बीच गहरी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली । अंततः रिया कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट तैयारी और ज्ञान का परिचय दिया । निहालिका झारिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि इशिका परवीन ने तृतीय स्थान हासिल कर सभी का ध्यान आकर्षित किया । महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा सभी प्रतिभागियों की सराहना की गयी और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया । हिंदी पखवाड़ा के इस आयोजन ने भाषा के प्रति छात्राओं की रुचि बढ़ाने के साथ-साथ सामूहिक सहभागिता और आत्मविश्वास को भी मजबूती दी । महाविद्यालय परिवार ने ऐसे आयोजनों को निरंतर कर छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का संकल्प दोहराया । कार्यक्रम का मंच संचालन बी.एड. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा कु. शिवानी गुप्ता द्वारा किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय की उप-प्राचार्य डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, डॉ. अलका श्रीवास्तव, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, लाइब्रेरियन ज्योति शर्मा एवं कार्यालयीन कर्मचारी नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी, विजय दहायत एवं रीना यादव का योगदान रहा।

# हितकारिणी डेंटल कॉलेज ने लगाया निशुल्क दंत परीक्षण शिविर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हितकारिणी डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा 16 सितंबर को डीएन जैन हाइयर सैकेंडरी स्कूल , गोल बाजार में नि:शुल्क मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 100 से अधिक विद्यार्थियों की मुख स्वास्थ्य जांच की गई। विद्यार्थियों को मौखिक स्वच्छता एवं दंत रोगों की रोकथाम संबंधी आवश्यक जानकारी और व्यवहारिक सुझाव भी प्रदान किए गए।यह शिविर विद्यालय के प्रधानाचार्य एसके गोटियां के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। यह शिविर हितकारिणी डेंटल कॉलेज के निदेशक डॉ. राजेश धीरावानी एवं प्राचार्य डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। शिविर का सफल संचालन डॉ. अंकिता सिंह, डॉ. अविनाश बोस, डॉ. नेहा राय तथा संस्थान के अन्य चिकित्सकों की टीम ने किया।



## सखियों से सीखी कृषि की बारिकी

**जबलपुर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत 80 कृषि सखियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को कृषि विज्ञान केंद्र में शुरू किया गया । प्रशिक्षण का शुभारंभ परियोजना संचालक आत्मा सह उप संचालक कृषि डॉ एसके निगम ने किया। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये डॉ निगम ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से मिट्टी, स्वास्थ्य और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ऐसे में प्राकृतिक खेती टिकाऊ विकल्प है। कृषि विज्ञान केंद्र की प्रमुख डॉ. रश्मि शुक्ला ने बताया कि कृषि में महिलाओं की भागीदारी 70 प्रतिशत है, इसलिए कृषि सखियों को मास्टर ट्रेनर बनाना महत्वपूर्ण पहल है।

# रादुविवि में राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



विद्यार्थियों को यह ज्ञात होना चाहिए कि वैश्विक स्तर पर इतिहास में भारत की क्या साख रही है। भारत का ज्ञान वैश्विक पटल पर सबसे पुरातन ज्ञान है, ईसा से भी हजारों वर्षों पूर्व, भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान ज्ञान परम्परा का, पाठ्यक्रमों में भारतीय दृष्टि से परिपूर्ण समावेश करना है। उक्त उद्गार रादुविवि के कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने मंगलवार को 2 दिवसीय कार्यशाला के समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किये। भारतीय ज्ञान परंपरा एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संदर्भ में भौतिक विज्ञानः स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के निर्माण विषय पर विवि के भौतिकी और इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिवस कुलगुरु ने कार्यशाला में शामिल सभी जनों को बधाई देते हुए कहा कि दो दिनों में इस चुनौतिपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूर्ण करना काफी सराहनीय है। रीवा के कुलगुरु प्रो. राजेन्द्र कुररिया, कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, प्रो. राकेश बाजपेयी, डॉ. रिकेश भट्ट, डॉ. पल्लवी शुक्ला, प्रो. कैलाश विश्वकर्मा, डॉ. रवि कटारे, डॉ. गिरीश वर्मा, डॉ. एमएल चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मेडिकल में भर्ती मरीजों के चूहों ने कुतर लिए पैर

### इंदौर के बाद अब शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज से सामने आया मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के पैरों को चूहों ने कुतर दिया। इंदौर के बाद अब शहर के नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में 2 मरीजों के पैर कुतरने का मामला सामने आया है। घटना कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में हुई है। डीन डॉ. नवनीत सक्सेना का कहना है कि 2 मरीजों के साथ मामूली घटना हुई है। इधर मरीजों के परिजनों ने को बताया कि वार्ड में भर्ती मरीजों के पैर में चूहों ने काटा है। जानकारी मिलते ही विभाग अध्यक्ष सहित अधीक्षक और डीन ने इसकी जांच के निर्देश दिए। शुरुआती जांच में पता चला कि मानसिक रोग विभाग में पदस्थ डॉक्टर और कर्मचारियों ने इसमें भारी लापरवाही बरती है। दरअसल मानसिक रोग विभाग के भवन में रेनोवेशन का कार्य चल रहा है। ऐसे में विभाग का संचालन अस्थि रोग विभाग के भवन से किया जा रहा है। घटना इसी भवन के प्रथम तल में मौजूद वार्ड की है। बता दें कि हाल ही में इंदौर के एमवाय अस्पताल में चूहों के काटने के बाद 2 नवजातों की मौत की घटना सामने आई थी। जिस पर मप्र हाईकोर्ट ने भी संज्ञान लेकर सरकार से रिपोर्ट मांगी थी।

### शिकायत को डॉक्टर ने किया नजरअंदाज

बताया जा रहा है कि चूहों के काटने के बाद एक मरीज की शिकायत पर वार्ड में मौजूद डॉक्टर ने इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी थी, लेकिन शिकायत के बाद भी वार्ड में चूहों से निपटने की इंतजाम नहीं किए गए। जिसके चलते दूसरे मरीज के साथ भी घटना हो गई। जानकारी के मुताबिक रेट बाइट का शिकार हुई सिहोरा निवासी 25 वर्षीय रजनी यादव ने बताया कि सिर दर्द की समस्या के बाद उसे मानसिक रोग विभाग में भर्ती किया गया था। 9 सितंबर की रात को चूहे ने पैर में काट लिया, जिसे गहरा लाल निशान बन गया। परिजनों ने बताया कि चूहों ने उनके दोनों पैरों की एड़ियों को कुतर दिया है। डॉक्टर को बताने पर उन्होंने इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी, जिसके बाद 3 इंजेक्शन लगे। शनिवार को डिस्चार्ज कर दिया गया।



### दिन-रात चूहों का आंतक

इसी प्रकार एक नरसिंहपुर जिला के गोटेगांव में रहने वाले जगदीश मेहरा ने बताया कि उन्होंने अपनी मां को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में भर्ती करवाया था। रात को जब वह मां के पलंग के नीचे जमीन पर सो रहा था, उस दौरान अचानक ही मां की चीख सुनाई दी। तुरंत उठकर देखा तो उन्होंने बताया कि मां के पैरों में चूहे ने काट लिया। इसके बाद दोनों फिर से बिना किसी को कुछ बताए सो गए। थोड़ी देर बाद चूहों ने जगदीश के पैरों में काटा। परिजनों ने फौरन मौके पर मौजूद नर्स को जानकारी दी, पर शिकायत पर ध्यान नहीं दिया गया। मरीजों का कहना है कि बताया कि सिर्फ रात के वक्त ही नहीं दिन में भी वार्ड में चूहे घूमते नजर आ रहे हैं।

### पेस्ट कंट्रोल करने के दिए निर्देश

इस मामले को लेकर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. नवनीत सक्सेना का कहना है कि सोमवार रात को इस विषय की जानकारी मिली है कि मानसिक रोग विभाग में भर्ती कुछ मरीजों के पैरों में चूहों ने काटा है। जिन मरीजों को चूहों ने काटा है, उन्हें इलाज दिया जा रहा है। दोनों मरीज पूरी तरह से स्वास्थ्य है, इसलिए उन्हें डिस्चार्ज कर दिया है। घटना जिस मानसिक रोग वार्ड में हुई है, वहां का निरीक्षण अधीक्षक द्वारा किया है। मौके पर पेस्ट कंट्रोल से जुड़ी चीजें जैसे कि केक, गोलियां, प्लेट आदि रखी हुई मिलीं हैं। इसके अलावा भी इंदौर की घटना बाद से लगातार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चूहों पर नियंत्रण रहे। पेस्ट कंट्रोल के लिए ठेका कंपनी को भी निर्देश जारी किए हैं ।

## छात्रावासों का सघन निरीक्षण किया जाये

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने छात्रावास संचालन की समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि संभाग अंतर्गत संचालित समस्त आश्रम व छात्रावासों का सघन निरीक्षण किया जाये। उन्हों ने कहा कि 2 अक्टूबर तक छात्रावास निरीक्षण का पखवाडा चलाया जाना है। जिसमें शत-प्रतिशत छात्रावासों का निरीक्षण कर पाई गई कमियों का इसी पखवाड़े में सुधार किया जाना है। उन्होंने समस्त सहायक आयुक्तों को निर्धारित निरीक्षण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। छात्रावास अधीक्षक गंभीरता से दायित्वों का निर्वहन करें। लापरवाही की दशा में जिम्मेदारी निर्धारित करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

### तालाब में मिला अज्ञात का शव

**जबलपुर ।** हनुमानताल थाने में सुनील रैकवार उम्र 38 वर्ष निवासी सूजी मोहल्ला जमुनिया कुआं के आगे गोहलपुर ने सूचना दी कि वह हनुमानताल में साफ सफाई का काम करता है । सुबह लगभग 8 बजे तालाब किनारे बने गोपाल लाल जी मंदिर के पीछ एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 35-40 वर्ष का पानी में ओंधा उतरा रहा है।









# शरीर को जमीन में गाड़कर सिहोरा जिला बनाने का आह्वान

## लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने की घोषणा




सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

सिहोरा जिला के लिए आंदोलित लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने भूमि समाधि सत्याग्रह आंदोलन करने की घोषणा की है। समिति ने मंगलवार को इस आंदोलन का पोस्टर जारी करते हुए सिहोरा वासियों से आंदोलन के लिए तैयार होने का आह्वान किया है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे, कृष्णकुमार कुररिया, अनिल जैन, सुशील जैन, संतोष वर्मा आदि ने बताया कि इस सत्याग्रह आंदोलन में पूरा शरीर जमीन के अंदर गड्ढे में रहेगा। केवल सिर जमीन के ऊपर होगा। जल्द ही इस सत्याग्रह आंदोलन का स्थान और तिथि घोषित कर दी जावेगी।

### सांसद, विधायक ने किया निराश

समिति के मानस तिवारी, नितेश खरया, आशीष भार्गव, अमित बक्शी ने कहा कि सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े और सांसद आशीष दुबे ने लगातार सिर्फ वादे किए। पिछले दो वर्षो में दोनो जन प्रतिनिधियों ने न तो कभी सिहोरा जिला की बात सरकार के समक्ष रखी, न मुख्यमंत्री से वार्ता कराई और न ही जनता की आवाज को ही संबल दिया। समिति के रामजी शुक्ला, राजभान मिश्रा, नवीन शुक्ला, प्रदीप दुबे, राकेश पाठक, नत्थू पटेल, नंद कुमार परोहा, राजेश कुररिया, वीरू दुबे, अनिल कुररिया आदि ने सभी सिहोरा वासियों से भूमि समाधि सत्याग्रह के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है।



# दिव्यांग की व्यथा सुनने जनसुनवाई से उठकर आए कलेक्टर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित की गई जनसुनवाई में आम नागरिकों से उनकी समस्याओं से संबंधित 135 आवेदन प्राप्त हुये। इन प्रकरणों में 32 पुराने आवेदन भी शामिल थे। जनसुनवाई में प्राप्त हुये आवेदनों में आर्थिक सहायताए छात्रवृत्ति दिलाने, पीएम आवास दिलानेए लाडली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलाने, भूमि से अवैध कब्जा हटवाने, आपसी विवाद, अवैध, पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने जैसे आवेदन प्रमुख थे। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुनने कलेक्टर राघवेंद्र सिंह स्वयं जनसुनवाई में मौजूद रहे। उन्होंने काफी देर जनसुनवाई में रहकर लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के प्रति संवेदनशीलता भी दिखाई दी। दिव्यांगता की वजह से प्रथम तल पर स्थित जनसुनवाई कक्ष तक पहुंचने में असमर्थ शहपुरा तहसील के ग्राम बेलखेड़ा के बल्लू साहू की व्यथा को कलेक्टर ने खुद नीचे जाकर सुना। बीमारी की वजह से अपने पैरों पर खड़े होने में असमर्थ और नेत्र दिव्यांग बल्लू दोनों बेटियों के सहारे बेलखेड़ा से कलेक्ट्रेट पहुंचे। बल्लू ने आधार पंजीयन में आ रही कठिनाई से कलेक्टर को अवगत कराया। श्री सिंह ने बल्लू की व्यथा को न केवल धैर्य पूर्वक सुना बल्कि मौके पर ही जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस को उसके आधार पंजीयन में आ रही कठिनाई को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिये।

# भुलाई नहीं जा सकता गुरु तेगबहादुर की शहादत



## 350वें शहादत दिवस पर शहर में हुआ नगर कीर्तन का प्रवेश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मातृभूमि और सनातन की रक्षा के लिए मुगलो के सामने कभी ना झुकने वाले नवम गुरु तेग बहादुर ने अपना बलिदान इसीलिए दिया क्योंकि उन्हें अपना शीश कटाना स्वीकार था पर धर्म परिवर्तन करना नहीं, ऐसे गुरु तेग बहादुर की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, उनकी शहादत का 350 वां वर्ष है, और शहादत दिवस पर पुरे देश में नगर कीर्तन निकाला जा रहा है और हम सौभाग्यशाली है कि नगर कीर्तन का प्रवेश हमारी संस्कारधानी में हुआ है, यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नगर कीर्तन के शहर आगमन के अवसर पर कही। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने नगर कीर्तन में गुरु चरणों में नमन कर कीर्तन में शामिल पंच प्यारों का स्वागत कर कीर्तन में उपस्थित जनों का अभिनन्दन किया इसके बाद श्री सिंह नंगे पैर ही कीर्तन में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने कहा गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों की रक्षा करने एवं सनातन धर्मालंबियों के धर्म परिवर्तन कराने के विरोध करने पर अपने प्राणो का बलिदान दिया था, उन्होंने मुगलिया सल्तनत का विरोध किया। 1675 में मुगल शासक औरंगज़ेब ने उन्हे इस्लाम स्वीकार करने को कहा, पर गुरु साहब ने कहा कि शीश कटा सकते हैं, पर केश नहीं। इस पर औरंगजेब ने सबके सामने उनका सिर कटवा दिया था। आगामी तीन दिनों तक कीर्तन पथ गुरुद्वारा प्रेमनगर से गुरुद्वारा माढ़ाताल तक यह यात्रा शहर वासियों को गुरु प्रेरणा से जोड़ेगी ।



फोटोः अनिल तिवारी

## चल समारोह मार्ग से अवैध कब्जे हटाने किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा तहसील के अंतर्गत आने वाले गोसलपुर कस्बे में आसपास के गांव में सार्वजनिक पंडालो में रखने वाली दुर्गा प्रतिमा का भव्य चल समारोह गोसलपुर बस्ती से गुजरता है इस चल समारोह मार्ग में पिछले कई साल से अनेक व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया था जिससे मूतियों के वाहन फस जाते थे चल समारोह मे अवरोध पैदा होता था जिसकी शिकायत ग्राम के जागरूक व दुगर्गोतसव समिति के पदाधिकारियों ने गत दिवस तहसीलदार सरपंच सचिव पटवारी से की गई थी । सोमवार को ग्राम व क्षेत्र की समस्त दुर्गोतसव समिति के पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत कार्यालय में एकत्रित हुए जहां पर सरपंच सचिव की अगुवाई में पूरे चल समारोह मार्ग का निरीक्षण किया गया । अवैध अतिक्रमणकारियो को सूचीबद्ध कर उन्हें शीघ्र नोटिस भेज कर दशहरा चल समारोह के पूर्व अतिक्रमण हटाने निर्देशित किया जाएगा।

# डुमना एयरपोर्ट पर मनाया जाएगा यात्री सेवा दिवस



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा आज 17 सितंबर को देश भर में इसके सभी हवाई अड्डों पर यात्री सेवा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर डुमना विमानतल पर यात्री एवं नागरिक जागरुकता हेतु शहर के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिकों, यात्रियों, भाविप्रा एवं इसके हितधारकों द्वारा एक वृक्ष मां के नाम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन, निःशुल्क रक्तदान, मधुमेह, रक्तचाप, बीएमआई जांच शिविर का आयोजन, कक्षा 10 से 12 के स्कूली छात्रों को हवाई अड्डे एवं इसके सम्पूर्ण परिसर का भ्रमण कराकर विमानन क्षेत्र में उनके भविष्य निर्माण की संभावनाओं पर प्रकाश डालना, हवाईअड्डे के आगमन कक्ष में लोक नृत्यमंडली द्वारा स्थानीय लोकनृत्य का आयोजन करना, हवाईअड्डे पर आगमन करने वाले यात्रियों का तिलक से स्वागत करना, यात्री बच्चों तथा विद्यालय स्तर के बच्चों से देशभक्ति के प्रसंग पर आधारित प्रश्नोत्तरी तथा चित्रकला का आयोजन, हवाईअड्डे के पार्किंग क्षेत्र में ऑटो रिक्शाचालक तथा टैक्सी ड्राईवरों हेतु निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन, सेल्फी बूथ एवं फीडबैक फार्म के माध्यम से यात्रियों का टर्मिनल भवन पर उपस्थित विभिन्न सुविधाओं पर अनुभव प्राप्त करना एवं विमानन क्षेत्र के भविष्यगत विस्तार पर उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त करना आदि शामिल है। इस अवसर पर विमानपत्तन निदेशक ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की जबलपुर इकाई के अपने सभी हितधारकों यथा एयरलाइन्स, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम, मेट्रो हॉस्पिटल, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस चिकित्सालय, जबलपुर चिकित्सालय, कदम संस्था, नगर निगम जबलपुर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय तथा सभी वाणिज्यिक सहयोगियों के सहयोग से भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्रस्तावित यात्री सेवा दिवस के इस कार्यक्रम को देशव्यापी स्तर पर सफल बनाने का आह्वान किया है ।

# यात्री सुविधाओं के लिए भाकपा और अबाक्स ने किया प्रदर्शन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद एवं अबाक्स द्वारा पश्चिम मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपने मालगोदाम चौंक से एक रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि पमरे द्वारा जनशताब्दी एक्सप्रेस को मुख्य स्टेशन की बजाय मदन महल स्टेशन से शुरू एवं समाप्त करने के निर्णय से यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मदन महल स्टेशन तक पहुंचने में लोगों को ऑटो रिक्शा में भारी भाड़ा चुकाना पड़ रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद एवं अबाक्स द्वारा महाप्रबंधक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की गई कि उक्त ट्रेन को पुनः जबलपुर मुख्य रेलवे स्टेशन से शुरू करने और समाप्त किया जाएं। इसके साथ ही इटारसी की ओर जाने और कटनी की ओर जाने वाली जबलपुर से रवाना होने वाली ट्रेनों को मदन महल और अधारताल से शुरू एवं समाप्त किया जाये, अधारताल, ग्वारीघाट एवं गढ़ा रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किया जाये, यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जाये, प्लेटफार्म और शेड बनाये जायें। इस मौके पर अरविन्द श्रीवास्तव, एड. राजेन्द्र गुप्ता, देवेश चौधरी, पीके बोस, शिव कुमार मिश्रा, मुस्तफा अंसारी आदि उपस्थित रहे ।

## रक्तदान शिविरों में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर आज बुधवार 17 सितम्बर से शुरू हो रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किये जा रहे मेगा रक्तदान शिविर को उत्सव की तरह मनाया जायेगा। मेगा रक्तदान शिविर के तहत जबलपुर शहर में छह और जिले के ग्रामीण क्षेत्र में सात स्थानों पर आयोजित किये जा रहे रक्तदान शिविरों की आकर्षक साज-सज्जा की गई है। रक्तदान करने वालों के स्वागत में इन्हें लाल और सफेद रंग के गुब्बारों से सजाया गया है तथा प्रवेश द्वार पर रंगोली डाली गई है। सभी तेरह रक्तदान शिविरों में सेल्फी प्वाइंट भी बनाये गये है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति सेल्फी प्वाइंट पर अपनी सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर सकेंगे तथा मेगा रक्तदान शिविर को लेकर बनाये गये हैशटेग पर टेग भी कर सकेंगे। रक्तदान करने वालों को रक्तदान के तुरंत बाद प्रशस्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे।

# ह्रदय की समस्या से ग्रसित बच्चों का होगा निःशुल्क उपचार

## सीएचसी शहपुरा में विश्व ह्रदय दिवस और सशक्त नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरूआत



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शाहपुरा एसडीएम के मार्गदर्शन एवं सीबीएमओ डॉक्टर सीके अतरौलिया के निर्देशन में कल, 18 सितंबर को सीएचसी शहपुरा में विश्व ह्रदय दिवस जागरूकता माह दिवस कैंप एवं सशक्त नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जाएगा । आयोजन में सभी उम्र की महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जाएगा । साथ ही विश्व ह्रदय दिवस जागरूकता माह के अंतर्गत 29 सितंबर तक ह्रदय रोग से संबंधित बच्चों की जांच सीएचसी, पीएचसी में निःशुल्क की जाएगी । जिसमें ऐसे बच्चे जिनकी सांस फूलती है, सीने में दर्द रहता है, वजन नहीं बढ़ता जल्दी थक जाते हैं, बच्चों के होंठ तथा नाखून नीले पड़ जाते हैं या जिन बच्चों को पूर्व में ह्रदय रोग की समस्या थी, सभी का इलाज मुख्यमंत्री बाल ह्रदय उपचार योजना और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क किया जाएगा । डॉ. अमित जैन, डॉ. पम्मी भदोरिया, आकांक्षा साहू, राकेश त्रिपाठी, उमेश मुद्गल संतोष डहरिया द्वारा समस्त हितग्राहियों की जांच एवं प्रबंधन किया गया ।

# किसान प्रतिनिधियों से मिले कलेक्टर राघवेंद्र सिंह



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिले के किसान प्रतिनिधियों ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में नवागत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह से सौजन्य भेंट की। भारत कृषक समाज के अध्यक्ष इंजी. केके अग्रवाल ने उन्हे शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा की जबलपुर जिला कृषक बाहुल्य जिला है, हमें पूरा भरोसा है की नये कलेक्टर किसानों को न केवल प्राथमिकता देंगे, वरन किसान भाइयो की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो सकेगा।

उनके नेतृत्व में जिला प्रशासन और अधिक चुस्त दुरुस्त होगा व किसान निर्विघ्न, सुख, शांति से अपना कृषि का व्यवसाय कर पाएंगे। कलेक्टर से भेंट के उपरांत किसान प्रतिनिधियों ने उपसंचालक कृषि एस के निगम से भेंट कर किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर विशेष रूप से खाद वितरण की मैंदानी परेशानियों व स्थितियों से उन्हे अवगत कराते हुए वितरण व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। फसल बीमा की विसंगतियों, रबी की फसलों के बीजों की आपूर्ती, किसानों के लंबित भुगतान आदि विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान भारत कृषक समाज के रूपेंद्र पटेल, सुभाष चंद्रा, प्रमोद मरवाहा, रामगोपाल पटेल, रामकिशन पटेल, जितेंद्र देसी, रामेश्वर अवस्थी आदि उपस्थित रहे।



# त्यौहारों में मचाया उपद्रव तो होगी सख्त कार्यवाही

## पुलिस कप्तान की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दुर्गोत्सव, पंजाबी दशहरा, विजयदशमी और दीपावली के त्यौहारों पर व्यवस्थाओं को लेकर शांति समिति की बैठक पुलिस कप्तान संपत उपाध्यायय की अध्य क्षता में मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न हुई। बैठक में बताया गया कि जबलपुर के दुर्गोत्सव एवं दशहरा चल समारोह की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है, इसका अलग सांस्कृतिक महत्व है और अपनी भव्यता के लिए यह देशभर में जाना जाता है। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने त्यौहारों के दौरान संवदेनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने, पेयजल और प्रकाश के समुचित इंतजाम करने, विद्युत की निर्वाह आपूर्ति सुनिश्चित करने, जुलूस मार्गों के रखरखाव, बिजली के झूलते तारों को व्य व्यवस्थित करने, धार्मिक स्थलों और विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा एवं साफ-सफाई तथा यातायात की पुख्ता व्यवस्था के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

# भौतिक के साथ-साथ आवश्यक है आध्यात्मिक विकास

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भारत रत्न मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती को इंजीनियर्स डे के रूप में मनाते हैं। यह दिन हमें प्रेरित करता है कि जैसे इंजीनियर तकनीकी दुनिया को संवारते हैं, वैसे ही हम अपने विचारों और जीवन की इंजीनियरिंग करके उसे श्रेष्ठ बना सकते। इसी विषय को और अच्छी तरह से समझने के लिए प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के आध्यामिक सभागार में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारम्भ जेईजी कॉलेज के प्रिंसिपल भ्राता राजीव चांडक ,ग्लोबल इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर राजीव खत्री, बीके वर्षा राजयोगी शिक्षिका, बीके डॉ एसके पांडे, बीके ऋतू आदि ने दीपप्रज्वलन कर किया । राजीव चांडक ने बताया की किस प्रकार इस आधुनिक दौर में भौतिकता के विकास के साथ साथ ही आध्यात्मिकता के विकास भी उतनी ही आवश्यकता है। इंजिनियर्स के द्वारा किये गए इन्वेंशन हमारे हर एक कार्य को सुविधाजनक बनाए रखते है इसलिए हमें हर रोज ही उनका धन्यवाद करना चाहिए लेंकिन खास इस दिन पर न केवल मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैयाबल्कि सभी इंजिनियर्स को एक साथ धन्यवाद करना चाहिए । बीके वर्षा ने बताया की किस प्रकार राजयोग का अभ्यास हमें कुछ ही समय में बहुत शक्तिशाली बना देता है और इसका प्रभाव हमारी कार्यक्षमता पर सीधा दिखाई देता है। सभी ने राजयोग मेडिटेशन का अनुभव किया। सभी आये हुए इंज़ीनियर्स का ईश्वरीय सोगात देकर सम्मान किया गया ।

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखण्ड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 605 श्रीमती अर्चना मिश्रा पति श्री धनश्याम मिश्रा के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.3.2006 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्रीमती अर्चना मिश्रा पति श्री धनश्याम मिश्रा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24/4/2007 के माध्यम से श्री राम शिरोमणि पटेल पिता श्री राम विशाल पटेल को विक्रय किया है। अतः श्री राम शिरोमणि पटेल पिता श्री राम विशाल पटेल द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-871 श्री उमराव बर्मन पिता श्री शिवदयाल बर्मन के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 18.1.2013 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री उमराव बर्मन पिता शिवदयाल बर्मन ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 30/1/2016 के माध्यम से श्रीमती तारा बाई बालमीक पति श्री प्रेमलाल को विक्रय किया है। अतः श्रीमती तारा बाई बालमीक पति श्री प्रेमलाल द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुरवा कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक LIG - 742 श्रीमती सरोज वैध पति श्री भाई साहब वैध के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27.12.2018 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती सरोज वैध पति श्री भाई साहब वैध ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 2/3/2019 के माध्यम से श्रीमती उमा पटेल (कुर्मी) पति श्री रंजीत पटेल एवं श्री रंजीत पटेल (कुर्मी) पिता श्री प्रकाश पटेल को विक्रय किया है। अतः श्रीमती उमा पटेल (कुर्मी) एवं श्री रंजीत पटेल (कुर्मी) द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भवन क्रमांक LIG - 116 श्री उदघोष नारायण चोलकर पिता स्व. श्री उदय विनायक चोलकर के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12.01.2023 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्री उदघोष नारायण चोलकर पिता स्व. श्री उदय विनायक चोलकर ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22.05.2025 के माध्यम से श्रीमती सरिता पाठक पति श्री मनीष कुमार पाठक को विक्रय किया है। अतः श्रीमती सरिता पाठक पति श्री मनीष कुमार पाठक द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/119 दिनांक 16/9/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इंटरनेशनल सेंटर फॉर ब्रेन एंड स्पाइन LLP द्वारा पार्टनर डॉ. आशीष टंडन पिता स्व. श्री प्रकाश नारायण टंडन ने मकान नं. 774 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान क्षेत्रफल 3890.90 व.फु. भूतल 2195 व.फु. प्रथम तल 800 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा पदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, वर्षा पवार, पिता श्री विनोद चौबे, निवासी 200, शास्त्री नगर, जबलपुर (म.प्र.), यह सूचित करती हूँ कि मेरा जन्म नाम वर्षा चौबे था। विवाह के पश्चात मेरा नाम वर्षा पवार हो गया था। अब मैं अपना नाम परिवर्तित कर वर्षा चौबे रखना चाहती हूँ।
भविष्य में मैं सभी प्रकार के शैक्षणिक, सरकारी, गैर-सरकारी, व्यवसायिक एवं कानूनी कार्यों में अपना नाम वर्षा चौबे से ही करूँगी।

**वर्षा चौबे**
**पताः 200, शास्त्री नगर जबलपुर (म.प्र.)**

# जिले में वृक्षारोपण योजना लुप्त होने की कगार में...!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

एक समय था जब क्षेत्र में वृक्षा रोपण योजना बड़ा सराहनीय योजना माना जाता था तब वन भूमि हो अथवा राजस्व भूमि तो नदी - तालाब के किनारे यहां तक कि किसानों के खेत बाड़ी में भी हर वर्ष बहुत पेड़ लगाकर उनका परवरिश किया जाता था, तब किसानों उद्यान विभाग से अच्छे किस्म के फलदार और मसालों के पेड़ निहशुल्क उपलब्ध करवाये जाते थे, वहीं वन विभाग द्वारा गोंद, आयुर्वेद इमारती लकड़ी और बांस के पेड़ तथा पंचायत विभाग द्वारा आंवला, चार, नीबू, अमरूद जैसे फलदार वृक्ष लगाने को ले जाते थे तब किसानों ने अपने खेत के मेंढ़, बाड़ी और नजदीकी तालाब के मेंढ़ में वृक्ष लगाकर उनकी सेवा करके पेड़ तैयार करते थे, क्यों कि लोगों का मानना है कि कई यज्ञ से मिलने वाला पुन्य फल एक फलदार वृक्ष को लगाकर तैयार करने से मिलता है, वहीं यदि प्राकृतिक और विज्ञान से पूंछें तो वृक्षा रोपण से वन तयार हो जाता है, जिनसे कई जीव जन्तुं के निवास, छाया और भोजन का सहारा होता है वहीं वन से सुन्दर पर्यावरण की सुरक्षा बनी रहती है जिससे बाढ़ - सूखा से बचत करता है एवं वन से कई गरीबों को रोजगार का साधन रहता है। वन से ही कई प्रकार के दवाई प्राप्त होते हैं अर्थात पूरा मानव जीवन भी वन से सीधे अथवा घुमाकर जिंदगी का मुख्य सहार मिलता रहता है जिस वन के बिना जीवन का कल्पना करना मुश्किल है।

कोविड महामारी के पहले वन विभाग में हर वर्ष तमाम लाखों पेड़ पौधे लगाये जाते थे जो पिछले कुछ वर्षों से ठप्प है, नंदन फल उद्यान फिर एक पेड़ मां के नाम से पिछले वर्ष में भी कई जगह वृक्षा रोपण करवाये गये जिनके परवरिस न होने से 80 फीसदी पेड़ नहीं बच पाये यह दयनीय स्थिति अक्सर रूप से ग्राम और नगर पंचायतों में ज्यादा मिलेगा, कोविड के पहले तो प्रदूषण के बचाव के सिये सभी सड़कों के किनारे भी पेड़ लगवाये जाते थे जो मौके पर 10 फीसदी भी नजरे नहीं आ रहे हैं, जिससे शिद्ध होता है कि धीरे - धीरे वृक्षा रोपण का कार्य ठप्प होने के कगार में है। वन, उद्यान, राजस्व क्षेत्र हो अथवा पंचायती जहां इस वर्ष के वर्षात ऋतु के बुढ़ाई समय के आज दिनांक तक कहीं भी वृक्षा रोपण नहीं करवाये जाने की चर्चा तेजी से फैल रही है।




### इनका कहना है

इस वर्ष एक पेड़ मां के नाम योजना से हितग्राही मूलक योजना के तहत वृक्षा रोपण होना है जी एनआरएम के माध्यम से क्षेत्र का अवलोकन कर प्रस्तावित किया गया है जिसकी स्वीकृति हो चुकी है जो कुछ दिन बाद चालू हो जायेगा, पिछले वर्ष मानपुर जनपद के क्षेत्र में दो लाख पेड़ों के वृक्षारोपण करवाय गया था।

**राजेन्द्र प्रसाद तिवारी सीईओ मानपुर**

एक पेड़ मां के नाम येजना से मानपुर नगर में इस वर्ष दो हजार पेड़ों का वृक्षा रोपण करवाया गया है जहां अभी दो हजार के वृक्षा रोपण सीघ्र ही होना है ।

**राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा सीएमओ मानपुर**

मानपुर क्षेत्र के वन भूमि में विगत दो वर्ष से वृक्षारोपण का कार्य नहीं हुआ है।

**बीएस उप्पल एसडीओ वन विभाग मानपुर**

उद्यानिकी विभाग के सह संचालक जी ने तो अपने कथन न देने के लिये फोन उठान सही नहीं समझे तब अपने कथन में फोन से 'लोकेन्द्र सिंह ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी मानपुर' जी ने कहा कि तकरीब दो हेक्टेयर के लक्ष्य वाले फलदार वृक्षों को लेकर मानपुर ब्लाक क्षेत्र के किसानों ने वृक्षा रोपण कर लिये हैं यह पेड़ उन्हीं के मिले हैं जो आनलाइन आवेदन किया था, मसालेदार वृक्षों का मांग किये जाने पर भी भोपाल से आज दिनांक तक कोई लक्ष्य नहीं आया है।

वहीं क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि इस अथवा उद्यान व कृषि विभाग में होने वाले आनलाइन आवेदनों का निरधारित समय की जानकारी हमें नहीं मिला करती है जिससे हम लोग शास्कीय योजनाओं से वंचित रह जाते हैं जिसका कभी भी किसी प्रकार प्रचार प्रसार विज्ञप्ति सूचना भी नहीं निकलवाया जाता है।



## खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन भंडारण पर की गई कार्यवाही

उमरिया (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम निर्देश दिए गए है। निर्देश के परिपालन में प्रभारी अधिकारी डॉ.विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस.आर्मो की टीम द्वारा ग्राम बडेरी के पास से खनिज रेत लोड कर परिवहन करते हुए ट्रेक्टर जप्त किया गया। वाहन मालिक बाबा शुक्ला उर्फ सत्येन्द्रनाथ शुक्ला, निवासी ग्राम बडेरी तहसील बांधवगढ, ट्रैक्टर को जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली उमरिया में सुरक्षार्थ खडा कराया गया है। साथ ही तहसील नौरोजाबाद अंतर्गत ग्राम छपरी रोड के पास से खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 जेड ए 5744 ट्राली क्रमांक निल (सोनालिका डीआई35 नीला रंग) जिसका वाहन चालक संजय कोल पिता हरिशंकर कोल, निवासी ग्राम कुदरी तहसील नौरोजाबाद जिला उमरिया (म.प्र.) तथा ट्रेक्टर जप्त किया गया। वाहन चालक शिवा कोल पिता कैलाश कोल, निवासी कुदरी तहसील नौरोजाबाद से जप्त कर पुलिस थाना नौरोजाबाद मे सुरक्षार्थ खडा कराया गया है। प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## आरसेटी उमरिया में राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मंगलवार 16 सितंबर को भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, उमरिया में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत उमरिया के अंतर्गत 30 दिवसीय राजमिस्त्री का आवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में 35 पुरूष प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। अरूण भारद्वाज ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए सभी को सतत रूप से कार्य करने के लिए कहा एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चंद्रभान सिंह, (डीपीएम-एनआरएलएम) द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए अपनी शुभकामनायें दी और कहा कि आपने जो प्रशिक्षण में सीखा है उसे यहॉ से जाने के बाद सतत रूप से करें। निर्देशक डा. तरूण कुमार सिंह ने सभी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा आपने जो यह 30 दिवसीय राजमिस्त्री का आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त किया है, प्रशिक्षण के दौरान जो भी गुण सीखा है,उसे यहां से जाने के बाद अभ्यास व मेहनत करें जिससे आप को ज्यादा से ज्यादा लाभ हो। प्रशिक्षण के प्रशिक्षणार्थियों का असेसमेंट ओपी चतुर्वेदी (असिस्टेंट कंट्रोलर) के नियंत्रण में सत्यम सिंह ईडीपी एसेसर एवं महेश कुमार कुमार विश्वकर्मा (डीएसए) के द्वारा किया गया जिसमें दिगंबर सिंह ने सर्वाधिक 67:अंक प्राप्त किया। कार्यक्रम को अगृणी प्रबंधक श्री सेवकराम सोनवानी एवं पत्रकार के.के. शुक्ला की उपस्थिती में किया गया। अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।



## आउटसोर्स विद्युत कर्मचारियों ने की विभाग में समायोजन की मांग

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** । भारतीय मजदूर संघ से संबद्धता प्राप्त संगठन मध्यप्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के आव्हान पर सोमवार 15 सितंबर को प्रदेश व्यापी ज्ञापन ऊर्जा मंत्री के नाम से सौंपा गया। संगठन द्वारा सरकार से मांग की गई हैं कि ऊर्जा विभाग में नवीन स्वीकृत पदों पर विभागीय परीक्षा लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों का समायोजन किया जाए एवं शेष बचे पदों पर भर्ती की जाएं। बता दे कि ऊर्जा विभाग ने कुछ दिन पूर्व 49263 नवीन पद स्वीकृत किए थे जिसमें आगामी तीन वर्षों ने नवीन पदों पर नियमित भर्ती करने की योजना हैं। संगठन के पदाधिकारीयों ने बताया कि मध्यप्रदेश के बिजली विभाग में 45000 से अधिक आउटसोर्स कर्मचारी लगातार कई वर्षों से कार्यरत हैं ऐसे में नवीन भर्ती होने से हजारों कर्मचारियों पर रोजगार का संकट आ जाएं वहीं नवीन भर्ती में विभागीय परीक्षा को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों का समायोजन करने से ऊर्जा विभाग को योग्य और अनुभवी कर्मचारी मिलेंगे जिससे उपभोक्ता को बेहतर सेवा मिल सकेगी। ज्ञापन के दौरान संगठन के उपाध्यक्ष राजभान सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा, सचिव बाबूलाल रैदास एवं जिले के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीबीआई कोर्ट से जुड़े मकान को नपा ने ढहाया..!

### परिजन आहत, कलेक्टर से की शिकायत



उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिला मुख्यालय स्थित संजय गांधी वार्ड नंबर 3 लालपुर निवासी एवम कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मिथलेश राय ने मंगलवार 16 सितंबर को कलेक्टर धरणेन्द्र जैन को लिखित शिकायत देकर नगर पालिका परिषद पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि 14 सितंबर 2025 को उनका मकान नगर पालिका ने बिना नोटिस और कारण बताए तोड़ दिया, जबकि यह मकान सीबीआई और एसआईटी मध्यप्रदेश द्वारा कई वर्षों से सील है। मिथलेश राय ने बताया कि यह मकान स्टेशन रोड स्थित सूर्या होटल के सामने है और बहुचर्चित पत्रकार चंद्रिका राय हत्या प्रकरण से जुड़ा साक्ष्य होने के कारण सीबीआई कोर्ट,जबलपुर में मामला विचाराधीन है।उन्होंने कहा कि मकान को सील करने का मकसद साक्ष्यों को सुरक्षित रखना था, लेकिन नगर पालिका की कार्रवाई से साक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं। मिथलेश राय का परिवार पहले से ही गहरे आघात में है। उनके बड़े भाई स्वर्गीय चन्द्रिका राय जिले के वरिष्ठ पत्रकार थे। कुछ वर्ष पहले उन्हें और उनकी पत्नी स्व. दुर्गा राय, बेटा जलज राय 19 वर्ष और बेटी निशा राय 15 वर्ष की सामुहिक निर्मम हत्या हुई थी। यह मामला राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया में भी चर्चा का विषय रहा। उनका परिवार अब भी न्याय की उम्मीद लगाए है। मिथलेश राय ने कहा कि नजूल पट्टे हेतु आवेदन लंबित था और मकान पर बिजली-पानी के कनेक्शन भी मौजूद थे। लेकिन सील होने के कारण देखरेख संभव नहीं हो पा रही थी। घटना वाले दिन वे बाहर थे और इसी बीच मकान ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## जनपद पंचायत के सभाकक्ष में सचिव संगठन की हुई बैठक



**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जनपद पंचायत बालाघाट के सभाग्रह में सोमवार को पंचायत सचिव की कई अहम मुद्दों को लेकर बैठक आहुत की गई. बैठक में मांगो को लेकर तात्कालीन मुख्यमंत्री के आश्वासन पर आज तक पूरी नहीं हो पाई हैं. उन मांगो को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री हमारी मांग पूरी करें और जिले की 36 पंचायतों में ई-सेल्फी अटेंडेंस के आदेश को समाप्त करने की बात कहीं गई हैं। बैठक में मध्यप्रदेश सचिव संगठन के प्रदेश सचिव नामदेव राउत, बालाघाट जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चित्रिव, जनपद पंचायत बालाघाट की सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव सहित अन्य पदाधिकारी गण की मौजूदगी रहीं। सचिव संगठन जिलाध्यक्ष जितेन्द्र चित्रिव ने बताया की प्रदेशस्तर पर पूर्व में सरकार के द्वारा संम्मेलन रखा गया था और उसमें भाजपा सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा हमें हमारी मांगो के लिए आश्वसथ कराया था वो मांगे अभी तक पूरी नहीं हुई है हम चाहते है की वर्तमान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उन्हें संज्ञान मे ले और पूरा करें। उन्होने आगे कहा कि जिला पंचायत के द्वारा गुगल सीट जिले की जनपद बैहर, बिरसा, लांजी और किरनापुर की 36 ग्राम पंचायतों के सचिव के लिए ई-सेल्फी अटेंडेंस के आदेश जारी की गई हैं, जिसमें कहा गया हैं कि सचिव पंचायत में पहुंचकर सेल्फी लेकर ई अटेंडेंस में भेजना हैं और शाम घर जाते वक्त पुन: सेल्फी लेकर ई अटेंडेंस डालने के निर्देश दिया गया हैं, जिससे सचिवों के साथ, जनपद, ग्राम, सहित अन्य कार्यालयों में काम होते हैं जो समय में ऐसा अटेंडेंस के आदेश करना एक प्रकार का तानाशाही आदेश दिखाई पड़ रहा हैं। अगर ऐसा सचिव नहीं करते हैं तो उन्हे नोटिस जारी किया जा रहा हैं, जिसका पुरजोर से विरोध किया गया हैं, और इसको लेकर सभी जनपद में बैठक लेकर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओं को ज्ञापन सौंपा गया हैं। अगर यह आदेश जल्द समाप्त नहीं होता हैं तो आगामी समय में आंदोलन किया जायेगा जिसका जिम्मेदार जिला प्रशासन स्वयं होगीं।

## थानेगांव के पास कार-बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



वारासिवनी थाना क्षेत्र के ग्राम थानेगांव के पास तेज रफ्तार कार व बाइक की जबरदस्त टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक युवक का दुर्भाग्य रहा कि कार चालक उसका जिगरी दोस्त ही चला था। जानकारी अनुसार मृतक युवक शांतनु भरने प्रॉपर्टी ब्रोकर होने के साथ ही वारासिवनी में मेडिकल स्टोर्स का संचालन था। सोमवार की रात्रि में वह मेडिकल दुकान बंद कर अपने गृह निवास गर्रा रामपायली बाइक से जा रहा था। जब वह ग्राम थानेगाव के नाले के पास पहुंचा, उसी समय ग्राम गर्रा से वारासिवनी की ओर तेज रफ्तार से आ रही कार क्रमांक एम पी 50 सी 9863 के चालक राम राणा ने उसकी बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। बाइक और कार की टक्कर के बाद कार असंतुलित होकर सड़क से नीचे उतर कर खेत में घुस गई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं बाइक चालक शांतनु गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शांतनु को जिला अस्पताल बालाघाट पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान शांतनु की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शान्तनु और कार चालक राम राणा दोनो आपस में गहरे मित्र थे। दोनों प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य साथ में मिलकर करते थे और हमेशा साथ ही रहते थे। बहरहाल, पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शव का पीएम कर शव परिजनों को सौप दिया गया।

## मागों को लेकर कोटवारसंघ किरनापुर ने तहसीलदार के सौंपा ज्ञापन



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

किरनापुर तहसीलदार को मांगो को लेकर मध्यप्रदेश ग्रामरक्षक कोटवार चौकीदार संघ तहसील शाखा किरनापुर तहसील अध्यक्ष अचरित गेडाम के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन के माध्यम से बताया कि दो माह से रूका हुआ परिश्रमिक वेतन प्रदान की मांग की हैं जिसमें भूमिहीन कोटवार साथियों को माह अक्टूबर और नवम्बर माह 2024 का 500 रुपए बढ़ोतरी का नहीं मिला है और आने वाले अक्टूबर माह से 500 रुपए बढ़ोतरी का बिल बनाने के लिए निवेदित किया गया है. जिसमें उपस्थित सचिव रंजीत हुमनकर, उपाध्यक्ष राधेलाल बोरकर, कोषाध्यक्ष रमेश मेश्राम, संगठन प्रभारी कुंभराज वैध, प्रह्लाद गजबिए, मीडिया प्रभारी विनोद गेडाम, प्रकाश रावते, तनोज़ हुमने, राजू मेश्राम, संतोष बारमाते, संतोष डोंगरे, भाग्यश्री डोंगरे, प्रतिभा मेश्राम, मंजू ऊके एवं समस्त कोटवार साथियों की उपस्थिति रहीं।

## खाताधारकों से कियोस्क संचालक ने की धोखाधड़ी

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी गई आवेदकों की समस्याएं

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

कलेक्ट्रट कार्यालय में होने वाली जनसुनवाई में कलेक्टर मृणाल मीना की अध्यक्षता में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग को उनका निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 116 आवेदक अपनी समस्या लेकर आए थे। बिरसा तहसील से दो आवेदको ने कियोस्क संचालक पर राशि आहरण के आरोप लगाते हुए कलेक्टर से गुहार लगाई हैं। बिरसा तहसील के ग्राम रेहंगी निवासी खेमूदास मागरे शिकायत लेकर आया था कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के मामले में उसके कियोस्क खाते में 04 लाख रुपए की राशि आयी थी। उसके द्वारा इसमें से 02 लाख 73 हजार रुपए की राशि निकाल ली गई। इस राशि के निकालने के बाद उसके खाते में 02 लाख रुपए की राशि कम बतायी जा रही है। अत: उसके खाते में बैंक से यह राशि दिलायी जाए। इस पर अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



**कियोस्क संचालक की धोखाधड़ी...** बिरसा तहसील के ग्राम मोहगांव की सुरमिला धुर्वे शिकायत लेकर आयी थी कि उसका भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाता है। इस खाते में जमा 60 हजार 700 रुपए की राशि कियोस्क संचालक गौरव मिश्रा द्वारा धोखाधड़ी कर उसकी अनुमति के बगैर निकाल ली गई है। राशि मांगने पर वह कल आना, एक सप्ताह में आना कहता है और 15 दिन में मकान बेचकर रुपए वापस करने की बात करता है। गौरव मिश्रा द्वारा उसे कहीं भी शिकायत करने से मना किया गया है। अत: उसके खाते से राशि निकालने वाले गौरव मिश्रा पर कार्यवाही की जाए। इस प्रकरण में अग्रणी बैंक प्रबंधक को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। नगरीय क्षेत्र बालाघाट के वार्ड क्रमांक 05 सरेखा के निवासी राजू धूपे, राधेश्याम धूपे एवं राजेश धूपे शिकायत लेकर आए थे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान निर्माण के लिए उन्हें 60 हजार रुपए की पहली किश्त एवं 40 हजार रुपए की दूसरी किश्त प्राप्त हो गई है। तीसरी किश्त प्राप्त नही होने पर अपने रिश्तेदारों और परिचितों से उधार लेकर मकान का काम पूर्ण कर लिया गया है। जिसकी जियो टेगिंग हो चूकी है। लेकिन अब तक तीसरी किश्त प्राप्त नही हुई है। नगर पालिका बालाघाट के कर्मचारी के घर आकर आवास की पहली और दूसरी किश्त वापस करने के लिए परेशान कर रहे है। इस प्रकरण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

**रायसिंग एंड कंपनी नहीं दे रहीं मानदेय**- वार्ड नं. 06 कोसमी बालाघाट निवासी आनंद भारद्वाज शिकायत लेकर आया था कि उसके द्वारा रायसिंग एंड कंपनी में साइट इंजीनियर के पद पर कार्य किया गया है, लेकिन कंपनी द्वारा उसका 11 माह का 02 लाख 75 हजार रुपए का मानदेय रोक लिया गया है और अब कंपनी द्वारा इस राशि को देने में आना-कानी की जा रही है। अत: उसे कंपनी से यह राशि दिलायी जाए। इस प्रकरण में श्रम अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

**शिक्षिका को हटाने छोत्रों ने लगाई गुहार**- जनसुनवाई में लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल खमरियॉ के छात्र छात्रा विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती भारती बिसेन को शाला से हटाने की मांग लेकर आए थे। छात्र छात्राओं का कहना था कि श्रीमती भारती बिसेन 40 मिनट के कालखंड में मात्र 15 से 20 मिनट पढ़ाती है। 10 दिन का पाठ्यक्रम केवल 04 दिन में खत्म कर देती है और उनका पढ़ाया किसी को समझ में नही आता। वह छात्र छात्राओं को बेवजह डाटती रहती है और प्रेक्टिकल में कम नंबर देने की धमकी देती है। उनके द्वारा शाला स्टॉफ में भी झगड़ा किया जाता है जिसके कारण शाला में अशांति बनी रहती है। इस शिक्षिका को हटाने के लिए 2017 एवं 2021 में भी मांग की गई थी। उनके कारण शाला के बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। इस पर कलेक्टर श्री मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

# बुनियादी सुविधाओं के लिए तरह रहा मवई विकासखंड विकास निर्माण कार्यो में चल रही जमकर धांधली

मण्डला/मवई(स्वतंत्रमत)

जिले का मवई विकासखंड आज़ादी के इतने वर्षों बाद भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। बीते दो दशकों में कई सरकारें आईं और चली गईं लेकिन गांवों की हालत जस की तस बनी हुई है। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यक सेवाएं आज भी आम ग्रामीण की पहुंच से कोसों दूर हैं। मवई का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा है। महिला डॉक्टर तो दूर यहां नियमित डॉक्टर और स्टाफ तक नहीं हैं। गांवों में बने उप-स्वास्थ्य केंद्र भी केवल भवन बनकर रह गए हैं। एक्स-रे मशीन उपलब्ध है लेकिन ऑपरेटर नहीं है। छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए ग्रामीणों को 100 किलोमीटर दूर मंडला जाना पड़ता है जो गरीब तबके के लिए एक बड़ी चुनौती है। शिक्षा व्यवस्था की हालत भी चिंताजनक है। प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी है। मॉडल और नॉर्मल स्कूलों में भी पर्याप्त स्टाफ नहीं है। निजी शिक्षा संस्थान ना के बराबर हैं जिससे गरीब बच्चों की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ रहा है। मनरेगा जैसे योजनाओं की स्थिति बेहद खराब है।





पंचायतों को मिलने वाला बजट इतना कम है कि साल भर में केवल एक-दो छोटे कार्य ही हो पाते हैं। रोजगार के अवसरों की कमी से युवा दूसरे शहरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं। निर्माण कार्यों में ठेकेदारों और जनपद पंचायत की मिलीभगत से घटिया गुणवत्ता का काम होता है जिससे विकास की गति थम जाती है। जल जीवन मिशन अधूरी योजनाएं अधूरा पानी जल जीवन मिशन के तहत कई पंचायतों में पाइपलाइन और पानी की टंकियां तो बन गई हैं लेकिन आज भी लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल रहा है। ठेकेदारों ने अधूरा काम पंचायत को हैंडओवर कर दिया है लेकिन पंचायत के पास न तकनीकी स्टाफ है न संचालन के लिए बजट योजनाएं बहुत हैं लेकिन स्थायी समाधान नहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे 5 किलो मुफ्त राशन, लाडली बहना योजना किसान सम्मान निधि गरीबों के लिए राहत जरूर हैं लेकिन ये स्थायी समाधान नहीं हैं। जब तक गांवों में बेहतर शिक्षा, मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं और स्थानीय रोजगार उपलब्ध नहीं होंगे तब तक ग्रामीण विकास सिर्फ कागजों तक सीमित रहेगा मवई जैसे वनांचल क्षेत्रों की अनदेखी अब बर्दाश्त के बाहर है। यह समय है कि सरकार इस क्षेत्र की वास्तविक समस्याओं को समझे और इनके समाधान के लिए ठोस और दीर्घकालिक योजनाएं बनाए। वरना विकास केवल नारों और घोषणाओं तक ही सिमट कर रह जाएगा। इस तरह के आरोप स्थानीय जागरूक नागरिक लगा रहे है उनका कहना है कि यहां पर बिजली की भी समस्या बनी है आए दिन कई घंटो बिजली बंद रहती है। जिससे अनेक काम प्रभावित हो जाते है वहीं आसपास के ग्रामों को जाने वाले मार्गो के हालात भी ठीक नही है कई पुल पुलिया क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। लेकिन यह क्षेत्र आज भी विकास की मूलधारा से नही जुड़ पाया है। अधिकारी इस क्षेत्र के दौरा आदि करने से घबराते हैं। अवैध कटाई के भी अनेक मामले सामने आ रहे हैं सरकारी तंत्र सरकारी धन की जमकर होली खेल रहा है यहां पर शिकवा शिकायत के नाम पर केवल कागजी लिखा पढ़ी दिखाई देती है स्थानीय लोग लंबे समय से मवई क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास की मांग कर रहे है लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक लचर व्यवस्था बाधा बनी हुई है जिससे लोगो में नाराजगी है। यहां पर चल रहे सरकारी कामों मे भी जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है नक्सल प्रभावित पंचायत क्षेत्रों में न तो अधिकारी दौरा करते हैं और न ही जनप्रतिनिधि शाम होते ही इस क्षेत्र में सन्नाटा पसर जाता है। वहीं मोबाइल कनेक्टविटी भी सही न होने के कारण कई दिनों तक नेटवर्क बंद रहता है। स्थानीय लोग लंबे समय से अनेक मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन शिकायत दर्ज करा रहे हैं। लेकिन इस क्षेत्र की लगातार उपेक्षा की जा रही है। जिला मुख्यालय से 100 किमी में बसी जनपद पंचायत मवई को मूलधारा में अब तक नही लाया जा सका है। बैगा बाहुल्य क्षेत्र होने के बाद भी इस क्षेत्र के बैगाओं के हालात ठीक नही है सुविधाओं के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की गई है। बैगाओं का आरोप है कि उनके क्षेत्र के विकास में जिला प्रशासन लापरवाही बरत रहा है। उन्हें शुद्ध पेयजल अच्छी सड़क नियमित बिजली और रोजगार नही मिल पाया है।

## जनसुनवाई में पहुंचे पीड़ित

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुये उनके समुचित निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्चस प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में 100 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

## संतोष को मिली व्हीलचेयर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** राज्य शासन गरीब वंचित वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयासरत है। जनसुनवाई के माध्यम से आवेदकों द्वारा बताई जा रही समस्या के जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में आते ही उन समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे बूढ़ी माई महाराजपुर निवासी दिव्यांग संतोष कुमार रघुवंशी ने व्हीलचेयर के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग को आवेदक की पात्रता का परीक्षण कर मौके पर ही संतोष को व्हीलचेयर प्रदान करने के निर्देश दिए।

## युवाओं को मिला ऑफर लेटर

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिछिया के तत्वाधान में रोजगार का आयोजन किया गया। मेला में सुरक्षा जवान एवं सुपरवाईजर की भर्ती के लिए गार्डियंस ट्रेनिंग एकेडमी राजेन्द्र नगर हैदराबाद से कंपनी और वर्धमान यार्न्स सतलापुर मंडदीप भोपाल लिमिटेड टेक्सटाइल मिल के एचआर द्वारा काउंसलिंग की गई। इस रोजगार मेला में 231 प्रतिभागी सम्मलित हुए जिसमें से 153 प्रतिभागियों को नियुक्ति के लिए ऑफर लेटर दिलाये गये। इस दौरान कंपनियों के प्रतिनिधि और आजीविका मिशन के कर्मचारी मौजूद रहे।

## कुराश के लिए टीम रवाना

**मण्डला/निवास(स्वतंत्र मत)।** जबलपुर संभाग टीम राज्य स्तरीय कुराश खेल प्रतियोगिता के लिए आज से 20 सितंबर तक होने वाली इंदौर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जबलपुर से संभाग टीम जा रही हैं जिसमे विद्यार्थी विधि जैन, मुस्कान सैयाम, कुराश खेल वैष्वी यादव, कराते खेल मंडला टीम का दायित्व झामसिह तेकाम करेंगे साथ में गनेशी यादव विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य वेदप्रकाश अवधिया, कोच झामसिह तेकाम खेलकूद प्रभारी अंकित मसराम एवं समस्त स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं दी गई।

## रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर आज

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण पर गतिविधियां विशेष रूप से केन्द्रित होगी। महिलाओं गर्भवती माताओं एवं सिकल सेल एनीमिया की जांच की जाएगी। अभियान के तहत जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर वृहद स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर तथा विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों के साथ-साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित दिनांक को किया जायेगा।

## प्रभारी मंत्री का दौरा आज

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का 17 सितंबर को मंडला आगमन होगा। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री जायसवाल 17 सितंबर को प्रात: 6:30 बजे जिला अनूपपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा प्रात: 11 बजे मंडला सर्किट हाउस पहुंचेंगे। श्री जायसवाल प्रात: 11:45 बजे प्रधानमंत्री द्वारा पीएम मित्र पार्क धार के उद्घाटन के वर्चुअल कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# अग्रवाल समाज के सरपंच बने प्रशांत

मण्डला(स्वतंत्र मत)

अग्रवाल समाज में पंचायत पदाधिकारियों एवं नवयुवक मंडल के चुनाव शांति एवं सौहार्दपूर्ण



वातावरण में सम्पन्न हुए। इस चुनाव में योग्य प्रत्याशियों का चयन किया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार प्रशांत अग्रवाल बंटी भारी मतों से विजयी होकर सरपंच निर्वाचित हुए। वहीं उपसरपंच पद पर विपिन बजाज ने जीत दर्ज की। पंच पद हेतु अनिल अग्रवाल, अमित अग्रवाल एवं नीरज अग्रवाल निर्वाचित हुए। महिला पंच पदों पर श्रीमती ममता सराफ एवं श्रीमती प्रमिला अग्रवाल ने जीत हासिल की। अग्रवाल नवयुवक मंडल नवयुवक मंडल के चुनाव में अनुराग बंसल पिता राकेश अग्रवाल को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया। साथ ही ईशान अग्रवाल पिता पीयूष अग्रवाल, अभी पिता स्व. रमन, गौरव पिता बोध नारायण एवं ऋषभ पिता उमाशंकर को निर्वाचित सदस्य चुना गया। निर्वाचन अधिकारी अमित अग्रवाल ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चुनाव समाज की एकता और प्रगति की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनिर्वाचित टीम समाज के विकास आपसी भाईचारे और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

## ओबीसी जोड़ो अभियान पर बैठक

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्र मत)।** ओबीसी जोड़ो अभियान के तहत हरदहा काछी समाज की बहुप्रतीक्षित बैठक हरदहा पंचायत भवन बम्हनी बंजर में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज की एकता, संगठन शक्ति और अधिकारों की रक्षा को लेकर ठोस रणनीति पर गहन चर्चा हुई। बैठक का संचालन बैठक प्रभारी गोपाल हरदहा संरक्षक एवं सह प्रभारी नरोत्तम हरदहा कोषाध्यक्ष ने किया। बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया कि ओबीसी वर्ग की वास्तविक जनसंख्या (27 प्रतिशत) के आधार पर उनके अधिकार और उचित आरक्षण को सुनिश्चित कराने हेतु एक सशक्त जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। आगामी प्रांतीय अधिवेशन ग्राम मांद अंजनिया 4 अक्टूबर को ऐतिहासिक बनाने के लिए समाजजन बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

# जीएम से मिले पदाधिकारी, रखी मांगें



मण्डला(स्वतंत्र मत)

ब्रॉडगेज रेल्वे संघर्ष समिति के पदाधिकारी सदस्य एवं आम जन रेल्वे स्टेशन पहुंचकर रेल्वे जीएम से मुलाकात कर मंडला स्टेशन में जो परेशानी या कमी है उससे अवगत करवाया गया। साथ ही लंबी दूरी की ट्रेन मंडला से इंदौर पेंचवेली ट्रेन, मंडला से नागपुर की सवारी ट्रेन मंडला फोर्ट से चलाई जाए साथ ही मंडला से जबलपुर,मंडला से घंसौर नवीन रेल लाइन का निर्माण किया जाए। मंडला फोर्ट स्टेशन में सुविधाओं का भी आभाव है अमृत योजना के तहत स्टेशन तो बनाया जा रहा लेकिन अभी यात्रियों को बहुत से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हीं सभी विषयों को लेकर रेल्वे संघर्ष समिति के पदाधिकारी अनूप मिश्रा राष्ट्रीय महासचिव, डॉ अशोक मर्सकोले अध्यक्ष लोकसभा क्षेत्र, बी के राय, अनूप बासल, चंद्रमोहन सराफ, अभिजीत सोनवानी, अभिषेक जैन, प्रहलाद सोनी, मनोज सोनी, ऐश्वर्य सराफ,राजेश मिश्रा, प्रदीप खरबंदा,दिलीप पमनानी, संतोष कछवाहा, राजेश साहू,जय परतेती राहुल श्रीवास, नरेश श्रीवास,साथ ही अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यगण पहुंच कर जीएम से मुलाकात की।

## जुआ खेलते चार आरोपी पकड़ाए

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा कोतवाली थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में नगर एवं जिले में अवैध जुआ सट्टा एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस द्वारा सोमवार की रात दबिश देकर बड़ी सफलता प्राप्त की। 15 सितंबर को हनुमान घाट मंदिर के बाजू में कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रूपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का खेल खेलने की सूचना मुखबिर से प्राप्त होने पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा तत्काल मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर 4 व्यक्तियों को रंगे हाथ जुआ खेलते हुए पकड़ा गया आनंद पिता सोनीलाल गौलिया, उम्र 54 वर्ष, निवासी इलाही चौक, राकेश पटैल पिता राजकुमार पटैल, उम्र 35 वर्ष, निवासी स्वामी सीताराम वार्ड, वीरू ठाकुर पिता गुरूजान सिंह ठाकुर, उम्र 34 वर्ष, निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, ऋषिराज पिता धर्म नारायण द्विवेदी, उम्र 30 वर्ष, निवासी लाल बहादुर शास्त्री वार्ड को गिरफ्तार किया गया। वहीं मौके से कुल नगदी 10,500/- फड़ से 6,400 तथा आरोपियों के पास से 4,100/- एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किये गई आरोपियों को नोटिस तामील कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत होने के लिए पाबंद किया गया। थाना कोतवाली में आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# रोजगार मेला में युवाओं का चयन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** नगर पालिका टाउनहॉल में रोजगार युवा संगम मेले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय आईटीआई तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के इस संयुक्त मेले में युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उनकी रुचि और कौशल के अनुसार अवसर दिलाने का एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि कंपनियों में जाकर सीखें और अपना हौसला बढ़ाएं। आपके सहयोग के लिए प्रशासन हमेशा तत्पर है। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने कहा कि प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। यदि युवा अपना स्वरोजगार स्थापित करना चाहते हैं तो शासन की योजनाओं का लाभ लेकर स्व रोजगार स्थापित कर सकते हैं। इस अवसर



पर जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रोजगार मेले में महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एनके वास्कले, प्रबंधक बलराम यादव, जिला रोजगार अधिकारी एलएस सैयाम, आईटीआई प्राचार्य आरएस वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे। स्थानीय एवं निजी क्षेत्र की 7 प्रतिष्ठित कंपनियों ने इस मेले में भाग लिया एवं 167 अभ्यर्थियों ने ऑनलाईल/ऑफलाइन पंजीयन कराया।

# रक्षा अग्रवाल बनी भाजपा मंत्री

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल प्रदेश महामंत्री हितानंद शर्मा, प्रभारी सुश्री कविता पाटीदार, जिला प्रभारी आशीष दुबे जबलपुर सांसद, मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उईके एवं जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में अपनी स्पष्ट एवं बेबाक छवि के लिए के लिए मोहगांव मुख्यालय की सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमति रक्षा अग्रवाल को मंत्री नियुक्ति किया है। हाल ही में मंडला जिला कार्यकारिणी भाजपा घोषित की गई है।



श्रीमति रक्षा अग्रवाल ने बताया कि वे लंबे समय से भाजपा से जुड़ी हैं और समय-समय पर मिलने वाले दिशा-निर्देशों का पालन करते आ रही हैं। उन्होंने केन्द्रीय राज्य और जिला के प्रमुख जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया है।

# नपा अध्यक्ष ने रेलवे जीएम को सौंपा ज्ञापन

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के नगर आगमन पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी ने सौजन्य भेंट कर रेल्वे क्षेत्र में विकास करने विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर अपना मांग पत्र सोपा है जिसपर अपने आश्वासन दिया है। ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 6 मंडल रेल लाइन के दोनों ओर डामरीकरण सीमेंट रोड व नाली का निर्माण करने, वार्ड क्रमांक 5 रेलवे अंडर ब्रिज से पीपल वृक्ष के आगे तक श्रवण बिरिया के मकान तक डामर रोड सीमेंट रोड का निर्माण कार्य, नवनिर्मित रेल विहार कॉलोनी के पीछे क्षतिग्रस्त नाले में सीमेंट पाइप डालने व उक्त नाले के बगल में रेल प्रशासन द्वारा सड़क हेतु छोड़े गए लगभग 300 मीटर क्षेत्र पर सड़क निर्माण, मंडला सिवनी मुख्य मार्ग पर ओवर ब्रिज निर्माण कार्य, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नैनपुर के रेलवे स्टेशन से फाटक चर्च के पास लगभग 150 मीटर लंबाई की भूमि पर दुकान निर्माण, रेलवे इंस्टिट्यूट के पीछे ईसाई समाज के कब्रिस्तान पहुंच मार्ग पर मरम्मत हेतु निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 6 स्थित नीलकमल चौक से मुक्तिधाम तक सड़क निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 9 में ट्रैफिक लाइन श्री हनुमान मंदिर के पास सड़क निर्माण कार्य , वार्ड क्रमांक 5 दुबे के मकान से श्रवण बिरिया तक सड़क निर्माण कार्य करने की अति आवश्यकता जनता-जनार्दन के द्वारा की जा रही है जिसे पूरी करने ज्ञापन सोपा गया ।

**रेलवे से जुड़े वार्डो में निर्माण कार्य की मांगी अनुमति**

## पानी और सड़क की समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने सौंपा ज्ञापन

वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद मोहित झरिया ने महाप्रबंधक को पत्र सौंपकर रेलवे कॉलोनी में पानी की पाइपलाइन बार-बार खराब होने से प्रभावित जलापूर्ति की समस्या रखी। इसी तरह वार्ड क्रमांक 9 में बहुउपयोगी सड़क श्री हनुमान मंदिर से राहंगडाले के मकान तक निर्माण कराने पूर्व पार्षद अजीत चौधरी ने ज्ञापन सौंपा।

# किसान के साथ धोखा कर रहा ट्रैक्टर एजेंसी का संचालक

### तीन वर्ष से परेशान कृषक ने पुलिस थाना पहुंच कार्यवाही करने की मांग

नैनपुर( स्वतंत्र मत)

वार्ड क्रमांक 15 नैनपुर निवासी वाशु वोरबंद के द्वारा वर्ष 2022 में काव्या ट्रेक्टर एजेंसी मण्डला से न्यू हाइलेंड 3630 माइल टेक्टर नगद राशि 5 लाख रूपेय एंव पुराना ट्रेक्टर 4 लाख रूपये में बेच पर 9 लाख रुपए में ट्रेक्टर खरीदा था। कृषक वाशु को काव्या ट्रेक्टर एजेंसी संचालक विपुल पिता रविन्द्र पटेल निवासी ग्राम बंधा नैनपुर के द्वारा जालसाजी करते जो ट्रेक्टर वाशु को दिया गया है उस ट्रेक्टर का चेसिस न. स्टार एन एच एन 36300 जेड एन ई 610694 स्टार एवं एंजिन न. 368390 डी एक्स है। जो कि आरसी बुक में देखने पर वाशु को पता चला कि उक्त ट्रेक्टर नितिन पिता प्रमोद ?पटेल निवासी ग्राम बंधा नैनपुर के नाम पर दर्ज है।



इसी तरह नितिन पिता प्रमोद पटेल के पास जो ट्रेक्टर है जिसका चेचिस न. स्टार एन एच एन 36300 जेड एन के 633315 स्टार है एवं इंजिन न. 386360डीएक्स है जो मंण्डला बैंड से फाइनेंस करा करा लिया गया है। और वह ट्रेक्टर वाशु वोरबंद निवासी नैनपुर का है। जिसकी शिकायत कृषक द्वारा जनसुनवाई मंडला पहुंच कलेक्टर सोमेश मिश्रा से की गई जिसपर तत्काल कार्रवाई करने के आदेश कलेक्टर मंडला के द्वारा दिये गये। राजस्व निरीक्षक एंव पटवारी नैनपुर गत 28 अगस्त 2025 को वाशु के घर पहुंच पंचनामा तैयार किया गया परंतु आगे कि कार्यवाही अभी शेष है। 15 सितम्बर 2025 को ट्रेक्टर एजेंसी संचालक विपुल पटेल द्वारा फोन कर कृषक वाशु को कहा गया कि कल आप नैनपुर निवारी एजेंसी आकर आपनी टेक्टर लेजा ले। 16 सितम्बर को कृषक काव्या ट्रेक्टर एजेंसी निवारी पहुंचा जाहा देखा कि एक ट्रेक्टर खडा है जिसका एंजिन नम्बर गेलेंडर मशीन से मिटाया गया है। शंका होने पर कृषक ग्राम बंधा पहुंचा जहा देखा कि कृषक वाशु के नाम दर्ज ट्रेक्टर दो भागों में खुला पड़ा है जिसपर चेचिस न. नहीं था। सम्बंधित कृषक वाशु वोरवंध को पुन: ट्रेक्टर के साथ छेड़छाड़ कर ट्रेक्टर देने की मंशा एजेंसी संचालक विपुल पटेल के द्वारा जताई जा रही है कि शिकायत वाशु के द्वारा पुलिस थाना नैनपुर में लिखित की गई। जिसपर थाना प्रभारी बल्देव सिंह मुजाल्दा ने एजेंसी संचालक विपुल पटेल एंव नितिन पटेल को थाने बुलाकर मामले की जानकारी लिया और शिकायत के आधार पर तीनों ट्रेक्टर पुलिस थाना लाने कहा गया । कृषक वाशु ने ट्रेक्टर थाने मे लाकर खड़ा कर दिया परंतु इन पंक्तियों के लिखे जाने तक एजेंसी संचालक विपुल पटेल के द्वारा दोनो संदिग्ध ट्रेक्टर नहीं लाया गया । क्यों कि वाशु वोरवंध का ट्रेक्टर बंधा में दो भागों में खुला पड़ा है एंव दूसरा ट्रेक्टर का चेचिस से छेड़छाड़ की जा चुकी है। इससे सिद्ध होता है कि कृषक के साथ 420 सी की गई है। मामले को छुपाने का प्रयास ट्रेक्टर संचालक द्वारा किया जा रहा है इस कारण थाना प्रभारी के आदेश का पालन नहीं किया गया। जो अब गम्भीर जांच का विषय बना हुआ है।



संपादकीय

# कब बदलेगी समाज की सोच

दिल्ली में बेटियों के जन्म का आंकड़ा लगातार चौथे साल गिरा है। सरकार के ताजा आंकड़े बताते हैं कि 2024 में राजधानी में हर 1,000 लड़कों पर सिर्फ 920 बेटियां पैदा हुईं। 2023 में यह आंकड़ा 922 था, जबकि 2022 में 929 और 2018 में 933 तक पहुंच गया था। यानी साल-दर-साल बेटियों का जन्म प्रतिशत घट रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट मामूली दिख सकती है लेकिन ट्रेंड खतरनाक है। इसकी वजहों में गैरकानूनी भ्रूण लिंग परीक्षण और गर्भपात को अहम कारण बताया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में लंबे समय से यह आशंका जताई जाती रही है कि कई जगह अवैध तरीके से जेंडर टेस्टिंग की जा रही है।

लगातार चार साल से घटता लिंगानुपात साफ इशारा है कि कहीं न कहीं बेटियों के जन्म को लेकर समाज की सोच अब भी बदली नहीं है। कुल जन्म दर में 2.7 प्रतिशत की गिरावट और साथ ही लिंगानुपात में कमी दोनों मिलकर ये दिखाते हैं कि आने वाले समय में दिल्ली की जनसांख्यिकी पर इसका असर पड़ सकता है। दिल्ली जैसे शहरी और शिक्षित कहे जाने वाले इलाकों में बेटियों के जन्म का प्रतिशत कम होना सिर्फ मेडिकल या बायोलॉजिकल फैक्टर से नहीं समझा जा सकता। ये दरअसल हमारे समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक मानसिकता का नतीजा है। चाहे वो लिंग चयन हो, भ्रूण हत्या हो या फिर 'बेटा होगा तो वंश आगे बढ़ेगा' जैसी धारणाएं, ये सभी आज भी व्यवहार और फैसलों को प्रभावित कर रही हैं। जब दिल्ली जैसे महानगर में, जहां शिक्षा, कानून और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सबसे बेहतर कही जाती है, वहां भी बेटियां कम पैदा हो रही हैं तो छोटे कस्बों और गांवों की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। पीसी-पीएनडीटी एक्ट केवल एक कानूनी औजार है, लेकिन अगर सामाजिक मानसिकता में बदलाव नहीं हुआ तो केवल कानून से तस्वीर नहीं बदलेगी। जरूरत है कि शिक्षा व्यवस्था, मीडिया और सरकारी नीतियां मिलकर 'बेटा-बेटी एक समान' की भावना को सामाजिक व्यवहार का हिस्सा बनाएं। वरना डेटा चाहे जितना आए असल जिंदगी में बेटियों के लिए जगह सिकुड़ती ही जाएगी। आंकड़े देखें तो महिलाओं की वर्कफोर्स पार्टिसिपेशन बेहद खराब स्थिति में है और जेंडर-बेस्ड वायलेंस लगातार बढ़ रहा है। आज भी बेटियों को पढ़ाकर शादी कर देना ही लक्ष्य माना जाता है। दहेज की प्रैक्टिस जारी है और उसके बाद घरेलू हिंसा व स्ट्रीट वायलेंस जैसी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। साफ शब्दों में कहें तो शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा तीनों मोर्चों पर महिलाओं को बराबरी नहीं मिल रही। संसद में भी आजादी के इतने साल बाद सिर्फ 10-15 प्रतिशत महिलाएं ही पहुंच पाई हैं। ये बताता है कि पॉलिसी लेवल पर भी गैप कितना गहरा है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे कैंपेन अच्छे नारे हैं लेकिन ये समाज के नैरेटिव में गहराई से उतरना जरूरी है। जब तक लोगों की मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक कोई भी कानून सिर्फ कागजों में रह जाएगा।

# महान वास्तुकार थे भगवान विश्वकर्मा



रमेश सर्राफ धमोरा

लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं।

विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता। विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निर्माता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है। यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं। विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाए भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।



विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है। धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था।

विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निर्माता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।

माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना 'विश्वकर्मा योजना' को लॉन्च किया जाएगा। इस योजना के तहत देश में फर्नीचर या लकड़ी का काम करने वाले, सैलून चलाने वाले, जूते बनाने वाले और मकान बनाने वाले कामगारों को आर्थिक मदद मुहैया कराई जाएगी। उन्होंने कहा विश्वकर्मा जयंती पर सरकार 13 से 15 हजार करोड़ रुपये की एक योजना को लॉन्च करेंगी। इस तरह उन लोगों की सहायता हो सकेगी जो परांपरिक तरीके के कौशल से अपनी जीवका चलाते है। ये अपना भरणपोषण औजारों और हाथ से काम करके करते है। उन्होंने कहा कि इनमें सुनार हों, राजमिस्त्री हों, कपड़े धोने वाले हों या बाल काटने वाले के परिवार हों। ऐसे लोगों को इस योजना से आर्थिक ताकत प्रदान की जा सकेगी।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता फिर से पटरी पर लौट आई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी वार्ता के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भारत भेजने को राजी हो गए हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प और उनके सलाहकार पीटर नवारो द्वारा भारत के खिलाफ दिए गए कड़वे बयानों के बाद अब ऐसा लगता है कि अमेरिका हालात सम्भालने की कोशिशकर रहा है। व्यापार वार्ता के लिए कूटनीतिक चैनलों से वार्ता जारी है। इसके लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने कई प्रमुख अमेरिकी सांसदों के साथ द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर चर्चा की और कूटनीति के माध्यम से यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों के प्रति जानकारी दी।

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी व्यापार वार्ता को लेकर सकारात्मक संकेत दिए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने भी यह स्वीकार किया है कि रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर भारी शुल्क लगाने से दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं। ऐसा लगता है कि ट्रम्प भारत को लेकर दुविधा में फंस गए हैं। उनकी नीतियों में साफ विरोधाभास दिखाई देता है लेकिन वे अपने ही बुने जाल में फंसते जा रहे हैं। अब उन्हें लगता है कि कुछ न कुछ किया जाना चाहिए। डोनाल्ड ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापारिक संबंधों में सुधार के संकेत दिए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि वॉशिंगटन और दिल्ली के बीच चल रही बातचीत जल्दी किसी बेहतर नतीजे पर पहुंचेगी। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वे सभी तरह की बाधाएं खत्म करने के लिए आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री मोदी से बात करेंगे।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार बाधा को दूर करने के लिए बातचीत जारी है। आने वाले हफ्तों में मैं अपने बहुत अच्छे दोस्त, पीएम मोदी से बात के लिए उत्सुक हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि दोनों महान देशों के लिए एक सफल नतीजे पर पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आएगी'। राष्ट्रपति ट्रम्प की इस पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'भारत और अमेरिका अच्छे दोस्त और नैसर्गिक सहयोगी हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारी व्यापार वार्ता भारत-अमेरिका साझेदारी के असीमित संभावनाओं को खोलने का रास्ता बना देगी। हमारी टीमें इन चर्चाओं को जल्दी से जल्दी पूरा करने के लिए मेहनत कर रही हैं। भारत और चीन ने जिस तरह से समूचे विश्व को अमेरिका के जाल से बाहर निकालने का रास्ता दिखाया है, उसके बाद से ट्रम्प भारत को पुचकारने में लगे हैं। एक तरफ ट्रम्प भारत के साथ व्यापारिक रिश्ते मजबूत करना चाहते हैं तो दूसरी तरफ यूरोपीय देशों को भारत और चीन पर 100 प्रतिशत टैक्स लगाने को कहते हैं। ट्रम्प के भारत विरोधी बयानों का बड़ा कारण वहां की घरेलू राजनीति भी है। ट्रम्प का मेक अमेरिका ग्रेट अगेन का नारा भी सबसे बड़ा कारण है। ट्रम्प देश के लोगों को यह दिखाना चाहते हैं कि वह अमेरिका में उद्योगों और नौकरियों को बचाने के लिए यह सब कर रहे हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीति के विरोध में अमेरिका के भीतर भी आवाज बुलंद होने लगी है।

ट्रम्प यह भी जानते हैं कि चीन को संतुलित करने के लिए भारत को पूरी तरह से अलग-थलग नहीं किया जा सकता। भारत पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि उसकी विदेश नीति स्वतंत्र है और वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। भारत ने किसी भी दबाव के आगे झुकने से साफ इंकार करते हुए रूस से तेल और हथियार खरीदना जारी रखा हुआ है। यद्यपि मोदी सरकार ने पूर्व में अमेरिकी चेतावनियों के चलते ईरान और वेनेजुएला से तेल आयात को रोक दिया था लेकिन इस वर्ष रूस के साथ यह मामला काफी जटिल हो गया। रूस से हमारी मित्रता और भारत की घरेलू जरूरतों को देखते हुए तेल की खरीद बहुत जरूरी है। इससे भारत के हितों की रक्षा होती है। दूसरा भारत कृषि और डेयरी उत्पादों को लेकर अमेरिका के साथ ऐसा समझौता नहीं कर सकता जिससे भारत के किसानों को नुक्सान पहुंचे। भारत किसानों की सुरक्षा के लिए कृषि क्षेत्र को आयात के लिए खोलने के खिलाफ दृढ़ है। अमेरिका इस बात के लिए दबाव डाल रहा है कि कृषि और डेयरी उत्पादों का क्षेत्र खोला जाए क्योंकि ऐसा समझौता यूरोपीय संघ और जापान के साथ भविष्य में समझौतों के लिए एक मिसाल कायम करेगा। ट्रम्प भारत पर इसलिए ज्यादा दबाव बना रहे हैं क्योंकि यह कदम व्यापार से ज्यादा भू-राजनीतिक दबाव बनाने के लिए भी हैं। हो सकता है कि व्यापार वार्ता में अमेरिका कुछ नए प्रस्ताव पेश करे जिसमें हथियारों की डील भी शामिल हो। भारत को बहुत ही फूंक-फूंक कर कदम रखना होगा, क्योंकि ट्रम्प पर अब ज्यादा विश्वास नहीं किया जा सकता। देखना होगा कि आने वाले दिनों में वार्ता का क्या नतीजा निकलता है। टैरिफ कटौती के अलावा बोइंग विमान, हैलीकॉप्टर और परमाणु रिएक्टर तक बड़े पैमाने पर कमर्शियल खरीद के लिए दबाव डाल सकता है। ट्रम्प और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की होने वाली बातचीत में कोई न कोई समाधान निकलेगा। अमेरिका उन निर्मित वस्तुओं पर ध्यान केन्द्रित करेगा जो पूंजी प्रधान हैं, जबकि भारत उन वस्तुओं पर ध्यान केन्द्रित करेगा जो श्रम प्रधान हों। ट्रम्प अंततः तोल-मोल करके भारत से व्यापार करने पर सहमत हो सकते हैं। अब गेंद भारत के पाले में नहीं अमेरिका के पाले में है।

**- आदित्य चोपड़ा**

# सामूहिक जिम्मेदारी नहीं

व्यंग्य

सामूहिक ज़िम्मेदारी जैसे दो शब्द सुनकर नया सा लगता है। हालांकि यह शब्द पुराने हैं लेकिन अब लगता है कि इस तरह की कोई चीज़ नहीं होती। अगर ऐसी चीज़ कहीं किसी कोने में पड़ी भी होगी तो हमें इसकी ज़रूरत अब नहीं रही। जिन चीज़ों की हमें ज़रूरत नहीं होती उन्हें हम संजोकर नहीं रखते। रोज़ सैंकड़ों फ़ोटोज़ खींचते हैं लेकिन दोबारा उन्हें देखते भी नहीं, कुछ लोगों के लिए यह फख्र की बात है कि उनके स्मार्ट फोन में इतने हज़ार फोटो हैं।

किसी एक व्यक्ति को किसी भी काम की ज़िम्मेदारी देना आसान है निस्बत इसके कि उस काम की सामूहिक ज़िम्मेदारी दी जाए। समूह में तो कई तरह के लोग होंगे वे क्यूं ज़िम्मेदारी लेंगे। कहां इतने लोगों की नैतिकता, सामाजिकता और राष्ट्र प्रेम को ज़िम्मेदार ठहराकर खतरे में डालना और कहां सिर्फ एक व्यक्ति को। जिसे जब चाहे पकड़ कर अन्दर कर सकते हैं। पीट सकते हैं। पहाड़ जब खिसकने लगें, सड़कें जब बहने लगें तो उसकी ज़िम्मेदारी किसी सामान्य व्यक्ति को देना सुरक्षित है न कि पूरी कम्पनी को। एक से निबटना आसान है, समूह से निपटना मुश्किल। कम्पनी भी तो समूह होती है। सामूहिक उत्तरदायित्व की कोई नैतिक कसौटी नहीं होती। राजनीति की बात पता नहीं कैसी होती है। वहां जनता, समूह के रूप में एक होकर, एक व्यक्ति को अपना नेता चुनती है जिसकी कोई ज़िम्मेदारी नहीं होती। जनता की सामूहिक ज़िम्मेदारी नहीं होती। सब लोगों की अलग अलग ज़िम्मेदारी होती है क्यूंकि किसी को पता नहीं होता कि किस ने किस को वोट दिया है। सामूहिक ज़िम्मेदारी खतरनाक स्थिति होती है। जिसमें स्थिति के कारण हुई घटना ऊपर से नीचे तक सब को फंसा देती है लेकिन जब सवाल उठते हैं तो जवाब देने के लिए व्यक्ति अकेला रह जाता है। उसे ही जवाब देना पड़ता है बाक़ी सब अपने अपनी अपनी खोह में घुस जाते हैं। यह तो कई बार हो चुका है कि जो व्यक्ति चोट खाता है, दुर्घटना में चोटिल हो जाता है, नरक में जाता है, उसकी अपनी गलती ज़्यादा मानी जाती है कि उसने भीड़ कि तरह क्यूं सोचा। अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा बारे ईमानदार चिंतन क्यूं नहीं किया।

वैसे तो ऐसी घटनाओं की ज़िम्मेदारी खराब व्यवस्था, लचर प्रशासन, लापरवाह अनुशासन को दे सकते हैं लेकिन ज़िम्मेदारी स्थापित करते, कानून के दरवाज़े खटखटाते बरसों बीत जाएंगे लेकिन यह सुनिश्चित नहीं हो पाएगा कि वास्तव में ज़िम्मेदार कौन है। इसलिए सुरक्षित यही है कि व्यक्तिगत ज़िम्मेदारी डालकर मामला उलझा दिया जाए और सुलझा हुआ मान लिया जाए। एक तरीका यह भी हो सकता है कि परिस्थितियों को ज़िम्मेदार करार दिया जाए। उन नक्षत्रों को भी निकम्मा कहा जा सकता है जिसके कारण घटना, दुर्घटना में तब्दील हो गई। मान लीजिए बन्दूक के माध्यम से किसी पर हमला किया और व्यक्ति मर गया तो इसमें बन्दूक को भी दोषी ठहराया जा सकता है। संसार की पहली बन्दूक बनाने वाले को भी शुद्ध दोषी माना जाना चाहिए। फिर हमें उसके उत्तराधिकारियों को भी सामने लाना होगा लेकिन यह तो फिर से सामूहिक ज़िम्मेदारी की खिचड़ी पकाना होगा। बेहतर तो यही है कि एक बंदा फंसाओ और सामूहिक पंगे से छुट्टी पाओ।

**- संतोष उत्सुक**

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी : स्वदेशी का संकल्प और राष्ट्र निर्माण के प्रेरक

**परिश्रम में जो तपा है, उसने ही तो इतिहास रचा है,**
**जिसने फौलादी चट्टानों को तोड़ा है, उसने ही समय को मोड़ा है,**
**समय को मोड़ देने का भी यही समय है, सही समय है।**




डॉ. मोहन यादव

लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं

यह उद्घोष करने वाले हमारे प्रेरक, मार्गदर्शक और भारत निर्माण के दृष्टा यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को उनके जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं। हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री जी आज इस विशेष दिवस पर मध्यप्रदेश आ रहे हैं। उनकी इस यात्रा से प्रदेश को एक बड़ी सौगात मिलने जा रही है। वे धार जिले के भैंसोला ग्राम में देश के पहले 'पीएम मित्र पार्क' की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वे 'स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार और पोषण अभियान' तथा 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े का शुभारंभ करेंगे। मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता के साथ प्रधानमंत्री जी का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन करता हूँ।

प्रधानमंत्री जी का संपूर्ण जीवन परिश्रम, पुरुषार्थ और सेवा के प्रेरणादायी संकल्प की यात्रा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से राष्ट्र और समाज सेवा का संकल्प लेकर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की यात्रा आरंभ की, जो प्रधानमंत्री के रूप में भी ध्येयनिष्ठ रही है। उनके लिए राष्ट्र प्रथम और सर्वोपरि है। यह उनके राष्ट्र निर्माण और देशहित में लिए गए निर्णयों और नेतृत्व क्षमता का ही परिणाम है कि आज भारत की गणना विश्व के अग्रणी राष्ट्रों में हो रही है। उनके प्रत्येक निर्णय में राष्ट्र की नींव को सशक्त करने की झलक है। कश्मीर में धारा 370 को समाप्त करना और उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद श्रीरामलला को अपने जन्म स्थान अयोध्या में प्रतिष्ठित करने में उनकी पहल अविश्वसनीय है। उन्होंने एक राष्ट्र, एक पहचान के लिए विभाजनकारी प्रवृत्तियों को समाप्त किया और समाज में एकत्व का भाव स्थापित किया। उनका दूरदर्शी नेतृत्व आधुनिक भारत को आत्मनिर्भर, सुरक्षित, समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से गौरवशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में निरंतर प्रेरित कर रहा है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उनके मार्गदर्शन में जनकल्याण, आर्थिक सुदृढ़ीकरण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। प्रधानमंत्री के रूप में दायित्व संभालते ही सबसे पहले उन्होंने देशवासियों के स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता अभियान छेड़ा। वे स्वयं हाथ में झाड़ू लेकर दिल्ली के प्रगति मैदान पहुँचे। गांव-गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर मध्यप्रदेश की जनता भी इस अभियान में जुट गई और गांव से लेकर नगर तक स्वच्छता अभियान में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बना। इंदौर ने लगातार 8 बार देश में स्वच्छ शहर के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्री मोदी जी ने आम नागरिक को आधुनिक चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की, जिससे गरीब और असहाय परिवारों को उपचार में सहायता मिली। इस योजना से 40 करोड़ से अधिक नागरिकों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो रही हैं। समाज को अपने सांस्कृतिक गौरव के प्रति आत्मविश्वास उत्पन्न कराने के लिये प्रधानमंत्री जी ने हमें 'विरासत के साथ विकास' का नारा दिया। भारतीय संस्कृति के गौरव और आधुनिकता के संतुलन को साधते हुए उन्होंने लोगों में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम की भावना जगाई। मुझे यह बताते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है कि श्री मोदी जी ने भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। जब उन्होंने कार्यभार संभाला था तब भारत विश्व की ग्यारहवीं अर्थव्यवस्था था। केवल ग्यारह वर्षों में भारत चौथे स्थान पर पहुंचा और अब तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। तेल आयात, व्यापार, रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार में भारत ने नई मिसाल कायम की है। आयुध निर्यातक देश के रूप में भी भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया। 'स्पेस टेक्नोलॉजी' में भारत ने चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर तिरंगा फहराकर विश्व को चकित कर दिया और विज्ञान तथा तकनीक में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता है कि वे जो कहते हैं उसका क्रियान्वयन भी करते हैं। उन्होंने इसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी रिफॉर्म की घोषणा की थी और एक माह के भीतर इसे लागू करने का निर्णय ले लिया। इस फैसले से देश की कर-प्रणाली सरल होगी, महंगाई कम होगी और आर्थिक न्याय के साथ समावेशी विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री जी की आर्थिक नीतियों ने निवेश, उत्पादन और रोज़गार के क्षेत्र में नई संभावनाएं निर्मित की हैं। ये नीतियाँ देशवासियों को राहत देने के साथ वैश्विक स्तर पर भारत के आत्म-सम्मान का प्रतीक बनी। अमेरिका जैसी आर्थिक महाशक्ति ने भारत पर भारी टैरिफ लागू कर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन श्री मोदी जी की रणनीति ने उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। रूस और चीन के साथ सहयोग कर नए व्यापारिक मार्ग स्थापित करना और जीएसटी जैसे आर्थिक सुधार लागू करना उनकी कुशल और निर्णायक नेतृत्व क्षमता का परिणाम है।



प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है कि देश का युवा आत्मनिर्भर बने और राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाए। युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप रोज़गार देने के लिए उन्होंने 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' लागू की। इसका उद्देश्य साढ़े तीन करोड़ से अधिक युवाओं को रोज़गार उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में युवाओं को कौशल विकास, स्वरोज़गार, स्टार्टअप, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। मुद्रा योजना के तहत लगभग 52.5 करोड़ छोटे उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसाय को गति दी गई। प्रधानमंत्री जी का मानना है कि किसी भी परिवार, समाज और राष्ट्र की नींव में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने महिलाओं के कल्याण, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएँ लागू की हैं। उज्ज्वला योजना से 10.33 करोड़ से अधिक महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई। इससे महिलाओं के स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ और उन्हें सम्मान जनक जीवन जीने का अवसर भी मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक लोगों को संपत्ति का अधिकार मिला। महिला आरक्षण लागू कर उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। 'लखपति दीदी अभियान' के माध्यम से 3 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में उन्होंने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।

उन्होंने जनकल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास किए। 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत 81 करोड़ से अधिक नागरिकों को निःशुल्क खाद्यान्न दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए, जिससे स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार हुआ। 'जल जीवन मिशन' के तहत 15 करोड़ से अधिक घरों तक नल से जल पहुंचाया गया। इन योजनाओं ने देश के हर वर्ग को सीधे लाभ पहुँचाया। रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' से वे देश के हर जन-मन से जुड़े, हरेक की समस्या को जाना और समाधान पहुँचाने का प्रयास किया। उन्होंने राष्ट्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सीमाओं की सुरक्षा, आतंकवाद का सामना और वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने अनेक निर्णय लिए। 'ऑपरेशन सिंदूर' से भारत ने अपनी सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया और विश्व को भारत की शक्ति से परिचित कराया। उनके नेतृत्व में भारतीय सेना को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व सेवा, त्याग, अनुशासन, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रप्रेम का प्रतीक है। उनके द्वारा चलाए गए कार्यक्रमों ने आम नागरिक को राहत दी, स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की, आर्थिक विकास की राह दिखाई, सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा दिया। उनके नेतृत्व में भारत ने संघर्ष से समाधान, संकट से अवसर और सीमित संसाधनों से वैश्विक प्रतिष्ठा की यात्रा तय की है।

आज प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस पर हम यह संकल्प लें कि उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करेंगे और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। देश को विश्व शक्ति बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी ने सेवा और स्वदेशी का आह्वान किया है। मुझे विश्वास है कि प्रदेश के कपास उत्पादक क्षेत्र में टैक्सटाइल उद्योग के लिए स्थापित होने वाला 'पीएम मित्र पार्क' प्रधानमंत्री जी की स्वदेशी की संकल्पना को आकार देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रदेश को मिलने वाले इस आशीर्वाद से हम सभी अभिभूत हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका कल्याण' करने वाले युगदृष्टा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को पुनः जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...।

# टॉप कमांडर ने स्वीकारा
# भारत के ऑपरेशन सिंदूर से काँप रहा जैश! मसूद अजहर के परिवार के उड़ गए चिथड़े

नई दिल्ली

भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाए जाने के महीनों बाद, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने कबूल किया है कि 7 मई को बहावलपुर कैंप पर हुए हमलों में जैश प्रमुख मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे। वीडियो में देखा जा सकता है कि इस कबूलनामे के दौरान कश्मीरी मंच पर हथियारबंद आतंकियों से घिरा हुआ है। इससे साफ पता चलता है कि ऑपरेशन सिंदूर का डर जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों के मन से अभी भी खत्म नहीं हुआ है।

कश्मीरी ने कहा कि 7 मई को बहावलपुर में जैश मुख्यालय - जामिया मस्जिद सुभान अल्लाह पर हुए हमले में अजहर का परिवार टुकड़ों में बिखर गया था। कश्मीरी ने कहा, सब कुछ कुर्बान करने के बाद 7 मई को मौलाना मसूद अजहर के परिवार को बहावलपुर में भारतीय सेना ने टुकड़े-टुकड़े कर दिया। यह अभियान



22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किया गया था, जिसमें 25 पर्यटक मारे गए थे। बहावलपुर के अलावा, भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर किए गए अपने सबसे साहसिक हवाई हमले में आठ अन्य आतंकवादी स्थल मलबे में तब्दील हो गए।

लाहौर से 400 किलोमीटर दूर स्थित पाकिस्तान के 12वें सबसे बड़े शहर बहावलपुर में हुए हमले में अज़हर के 10 रिश्तेदार मारे गए। इनमें उसकी बहन, उसका पति, उसका भतीजा, उसकी भतीजी और उसके परिवार के बच्चे शामिल थे। भोर से पहले हुए इस हमले में अज़हर के चार सहयोगी भी मारे गए। उपग्रह चित्रों से मस्जिद के एक गुंबद को भारी क्षति और अंदर व्यापक विनाश दिखाई दिया।

हालांकि पाकिस्तान ने इस तथ्य को कभी स्वीकार नहीं किया, लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों और विदेशी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, मई में अज़हर के परिवार के सदस्यों का राजकीय अंतिम संस्कार किया गया था। अज़हर, जो सार्वजनिक रूप से कम ही दिखाई देता है, भी कुछ देर के लिए वहाँ दिखाई दिया और कुछ ही मिनटों में वहाँ से चला गया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी अजहर भारत में बड़े आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड रहा है, जिसमें 2016 का पठानकोट हमला और 2019 का पुलवामा हमला शामिल है, जिसमें 44 सैनिक मारे गए थे।

## ग्रामीण पत्रकारों को भी मिले आयुष्मान योजना का लाभः देवबख्श

**अयोध्या (वार्ता)।** अयोध्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष देवबख्श वर्मा ने ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान योजना का लाभ देने की मांग की है। वर्मा ने जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय मांग पत्र सौंप कर कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के लिए राज्य मुख्यालय लखनऊ में कार्यालय उपलब्ध कराया जाय। मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिले, ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए। ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिक दर्ज करने से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच कराई जाए ताकि अनावश्यक उत्पीड़न को रोका जा सके। राज्य जिला स्तर पर स्थाई समिति की तरह तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसर के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठक बुलाई जाए।

## सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए सजग : रेखा

नयी दिल्ली, (वार्ता)

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि सरकार महिलाओं के स्वास्थ्य और खुशहाली को लेकर हमेशा सजग है और इस दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है।

श्रीमती रेखा गुप्ता ने यहां मंगलवार को डिफेंस कॉलोनी में महिला समर्पित कैंसर अस्पताल अपोलो एथेना का उद्घाटन करने के बाद कहा कि महिलाओं के लिए कैंसर देखभाल एक अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है और मुझे यह देखकर बहुत संतुष्टि होती है कि हम महिलाओं के वास्तविक सशक्तिकरण की ओर बढ़ रहे हैं। अपोलो एथेना कैंसर देखभाल में एक मील का पत्थर साबित होगा, जो प्रत्येक महिला के लिए सम्मान, सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

उन्होंने कहा कि यह एशिया का पहला महिला समर्पित कैंसर सेंटर



खुला है जिससे पूरे देश की महिलाओं का लाभ मिलने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन सशक्त महिला सशक्त परिवार है। सरकार महिलाओं की स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए हमेशा सजग है। सरकार इस दिशा में काम कर ही है और आगे भी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत नये नये हेल्थकेयर संस्थान बने ताकि पूरे भारत वर्ष में कोई भी व्यक्ति बिना इलाज के न रहे।

सुश्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि भारत में कैंसर की समस्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है इसलिए भारत सरकार ने देश भर में इसके रोकथाम, शीघ्र निदान, उपचार और रोगी देखभाल को बेहतर बनाने के लिए मज़बूत नीतियाँ और रणनीतिक हस्तक्षेप आरम्भ किए हैं। हमारी सरकार भी महिलाओं के स्वास्थ्य को लगातार प्राथमिकता दे रही है। अपोलो अपनी इस परिवर्तनकारी पहल के माध्यम से महिला-केंद्रित कैंसर देखभाल में एक वैश्विक मानक स्थापित करके राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लक्ष्यों को सार्थक बनाने में योगदान करेगा।

## भाजपा को दिल्लीवालों की सेहत की फिक्र नहीं : आप

नयी दिल्ली, (वार्ता)

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में बढ़ते मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मौसमी बीमारियों को लेकर भाजपा सरकार हमला करते हुए कहा है कि सरकार को दिल्लीवालों की फिक्र नहीं है। एमसीडी में विपक्ष के नेता अंकुश नारंग ने द्वारा जारी साप्ताहिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए आज कहा कि भाजपा सरकार को दिल्लीवालों की सेहत की कोई फिक्र नहीं है। मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए ठोस कदम नहीं उठाने की वजह से मलेरिया के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली में मलेरिया के केस ने पांच साल के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। पिछले एक सप्ताह में 33 नए केस आए हैं। हमारा सुझाव है कि भाजपा सरकार भी आप सरकार की तरह जागरूकता अभियान चलाए ताकि मौसमी बीमारियों पर काबू पाया जा सके। आम आदमी पार्टी के श्री नारंग ने कहा कि जब से दिल्ली में भाजपा की सरकार आई है, मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू को रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जब अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, तब 10 हफ्ते तक हर रविवार को सुबह 10 बजे 10 मिनट का एक अभियान चलता था। इस अभियान का मकसद डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाना था। लोगों को पता चलता था कि मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू का मौसम आ चुका है।

## शुभकामना और 100 रुपया अपने पास रखें अखिलेश : राजभर

लखनऊ (वार्ता)

अपने जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिये गए बयान पर पलटवार करते हुये सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि समाज को बांटने की राजनीति करने वाले अपनी शुभकामनाएं और अपना 100 रुपया अपने पास ही रखें। हमारे पास पैसा भले न हो, लेकिन ईमानदारी और जनता की सेवा का संकल्प है।

श्री राजभर ने एक्स पर लिखा समाजवादी पार्टी को सिर्फ पैसा ही दिखाई देता है। सपा सरकार में पैसों की लूट-खसोट करते रहे, इसलिए आज भी जन्मदिन की शुभकामनाएं देने की जगह पैसों के आधार पर बातें कर रहे हैं। सत्ता से दूर हुए साढ़े आठ साल बीत चुके हैं, कमाई का रास्ता बंद हो गया है, इसलिए अब 100 रुपये की बात कर रहे हैं। अगर सत्ता में बने रहते तो करोड़ों-अरबों से नीचे बात ही नहीं करते। उन्होने कहा ईश्वर करे जनता के पैसों से महलों में ऐश करने वाले अब पाई-पाई का हिसाब रखें। मेरे जन्मदिन पर अखिलेश यादव जी की शुभकामनाओं की मुझे कोई जरूरत नहीं है। हमारे शुभ की कामना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं, जो वास्तव में जनता के लिए सोचते हैं। जनता के हित में काम करने वाले नेताओं की शुभकामनाएं मेरे लिए काफी है।

सुभासपा अध्यक्ष ने कहा हां, इतना जरूर है कि अगर कभी अखिलेश यादव को बुरे वक्त में जरूरत पड़ी तो हम अपने खेत से निकलने वाले अनाज और सब्ज़ी की मदद देने से पीछे नहीं हटेंगे, क्योंकि हमारी संस्कृति मदद करने की है, दिखावा करने की नहीं। वहीं अखिलेश यादव के बयान को लेकर मंगलवार को सुभासपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरविंद राजभर ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा मंत्री ओमप्रकाश राजभर के जन्मदिन पर अखिलेश यादव का अपरिपक्व बयान उनकी घबराहट और हताशा को दर्शाता है। यह वही अखिलेश हैं, जिनके शासन में अति पिछड़ों की आवाज़ हमेशा दबाई गई। जिन्हें अपने अस्तित्व के लिए दूसरों के कंधे की ज़रूरत पड़ती है, वे आज ओपी राजभर जैसे जननेता पर टिप्पणी कर रहे हैं। सच यह है कि अखिलेश यादव को राजभर समाज की बढ़ती ताक़त और ओमप्रकाश राजभर का जनाधार पच नहीं रहा है। कटु सत्य यह है कि अति पिछड़ों का सम्मान करना अखिलेश जी की संस्कृति में कभी रहा ही नहीं। गौरतलब है कि एक दिन पूर्व समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एक पत्रकार ने सवालिया लहजे में पूछा कि आज ओम प्रकाश राजभर का जन्मदिन है। आप कुछ कहेंगे, इस पर अखिलेश यादव ने सपाट लहजे में सवाल किया, मैं क्या करूं। जन्मदिन उनका है तो मैं क्या करूं इसके लिए। 100 रुपये से काम चलता हो तो भिजवा दें। हम तो 100 रुपये ही देते हैं उन्हें, चाहे जिनका जन्मदिन हो। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस तरह का बहस मत करो। वैल्यू मत बढ़ने दो किसी की।

## अफगानिस्तान ने शरणार्थियों और विस्थापितों के मदद के लिए किए समझौते

**काबुल,(वार्ता)।** अफगानिस्तान सरकार ने प्रमुख घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सहायता एजेंसियों के साथ चार समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। अफगानिस्तान के शरणार्थी और प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने सोमवार देर रात बताया कि इन समझौता ज्ञापनों के माध्यम से आंतरिक रूप से विस्थापित परिवारों और वापस लौटने वाले शरणार्थियों की मदद के लिए लगभग 1.23 मिलियन अमेरिकी डॉलर आवंटित किए जाएंगे। इससे काबुल, कुनार, हेलमंद, जाबुल, निमरोज, बदगीस, फराह और हेरात प्रांतों में 10,749 से अधिक परिवारों और 110,812 व्यक्तियों को लाभ होगा। मंत्रालय ने कहा कि इस धनराशि से उपरोक्त प्रांतों में शरणार्थी सहायता केंद्रों के निर्माण में मदद की जायेगी। कुछ धनराशि लोगों को दी जायेगी और सर्दियों तथा रसोई के लिए जरूरी सामान उपलब्ध कराया जायेगा। इसके लिये जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। यह पहल अफगानिस्तान सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत सरकार स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ मिलकर आर्थिक चिंताओं को दूर करने और रोजगार सृजित करने का प्रयास कर रही है।

## फिलीपींस के पोत ने चीनी तटरक्षक जहाज को मारी टक्कर

**बीजिंग, (वार्ता)।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक (सीसीजी) जहाज को टक्कर मार दी। चीनी तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी है। सीसीजी के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत अवैध तरीके से चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आये। इस पर सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी देते हुये उनका रास्ता रोका और उन पर पानी की बौछार की। श्री गान के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 3014 नंबर वाले एक फिलीपीनी पोत ने चीन की ओर से दी गयी चेतावनी को नजरंदाज करते हुये जानबूझकर एक सीसीजी जहाज को जोरदार टक्कर मारी। प्रवक्ता ने कहा कि फिलीपींस पक्ष की ओर से जानबूझकर की गयी उल्लंघन और उकसावे वाली कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण हैं तथा इस टकराव के लिए फिलीपींस पक्ष पूरी तरह जिम्मेदार है।

## ऑस्ट्रेलिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट होंगे बंद

**कैनबरा, (वार्ता)।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसंबर तक बंद करने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसंबर से प्रभावी होगा।ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे। सुश्री वेल्स ने कहा,हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। लेकिन हम कुछ जरूरी कदमों के जरिए कुछ अर्थपूर्ण परिवर्तन लाना चाहते हैं, जो हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव डालेंगे और बच्चों को सुरक्षित रखेंगे।


## संत कबीर के नाम पर उत्तर प्रदेश में स्थापित होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क : योगी

लखनऊ, (वार्ता)

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है। मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उत्तर प्रदेश की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है।

योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा।

बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार, वर्तमान में उत्तर प्रदेश देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं



परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिर्जापुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है। अधिकारियों ने बताया कि निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपये आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज़ किया जाए। उन्होंने कहा कि योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया।

उन्होने कहा कि संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी बल्कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी।

बैठक में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम बुनकरों की उत्पादन लागत कम करने, आय बढ़ाने और परंपरागत वस्त्र उद्योग को नई मजबूती देने के उद्देश्य से बुनकरों के साथ संवाद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बुनकर, परिश्रम और परंपरा के प्रतीक हैं। उनके हाथों से बना कपड़ा पूरे विश्व में पहचान रखता है। सरकार बुनकरों की मेहनत का सम्मान करते हुए उन्हें सस्ती बिजली उपलब्ध करा रही है। बुनकरों से संवाद बनाकर उनकी अपेक्षाओं को जानने और समझने की आवश्यकता है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभाग द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। मुख्यमंत्री ने पॉवरलूम को सौर ऊर्जा से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही के भी निर्देश दिए।

# फिल्म/टीवी मनोरंजन

## कृति खरबंदा ने बॉलीवुड में नौ वर्ष पूरे किये



जानीमानी अभिनेत्री कृति खरबंदा ने बॉलीवुड में अपने नौ साल पूरे कर लिये हैं। 'राज़ रिबूट' से 'राणा नायडू 2' तक कृति खरबंदा का फिल्मी सफर काफी दिलचस्प रहा है। वर्ष 2016 से 'राज़ रिबूट' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली कृति खरबंदा ने अपने करियर के नौ साल पूरे कर लिये हैं। उनका फिल्मी सफर कमर्शियल फिल्मों के साथ दिल छू लेने वाले ड्रामों और बेबाक ओटीटी विकल्पों का बेहद अनूठा संतुलन दर्शाता है। हॉरर थ्रिलर फ़िल्म राज़ रिबूट से बॉलीवुड में कदम रखनेवाली कृति ने इस फ़िल्म में जिस तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिका निभाई, उसने उनकी सक्षम अभिनय प्रतिभा के साथ उनके आत्मविश्वास को भी दिखाया।एक हल्की-फुल्की कॉमेडी फ़िल्म गेस्ट इन लंदन में उन्होंने अपने स्वाभाविक आकर्षण के साथ पर्फेक्ट कॉमिक टाइमिंग से अपने दर्शकों का दिल जीता। शादी में ज़रूर आना को उनके अभिनय सफर में मील का पत्थर कहें तो गलत नहीं होगा क्योंकि इस इमोशनल रोमांटिक फ़िल्म के ज़रिए उन्होंने अपने संवेदनशील, किंतु प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। यमला पगला दीवाना फ़िल्म में भी उन्होंने अपनी कॉमिक टाइमिंग के साथ-साथ बड़े सितारों के होते हुए भी अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज करवाई। हाउसफुल 4 ,बॉलीवुड की एक ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फिल्म में शुमार है, जिसने उन्हें बॉलीवुड के सबसे सफल फ्रेंचाइज़ में जगह दी। फिल्म पागलपंती अपने नाम के अनुरूप पूरी तरह से एक विशुद्ध कॉमेडी मनोरंजक फ़िल्म थी, जिसने उन्हें मुख्यधारा में बनाए रखा।बिजॉय नांबियार की गहरी इंटेंस ड्रामा फ़िल्म तैश ने भी कृति की अभिनय में गहराई को जोड़ा, बल्कि उनके अभिनय क्षमता को साबित किया। फिल्म 14 फेरे एक पारिवारिक फिल्म थी, जिसमें कृति ने रोमांस और सामाजिक मुद्दों के बीच संतुलन बनाकर दर्शकों को प्रभावित किया था। नेटफ्लिक्स की ब्लॉकबस्टर सीरीज़ राणा नायडू 2 के साथ कृति ने ओटीटी की तरफ कदम बढ़ाते हुए न सिर्फ एक बहुपरतीय भूमिका निभाई, बल्कि अपने दर्शकों में भी इजाफा किया। विशेष रूप से अपनी 'गर्ल-नेक्स्ट-डोर' इमेज से अलग हटकर उन्होंने एक अंधेरे, तीखे पक्ष को दिखाया, जिसने उनके करियर को नया आयाम दिया। 'राज़ रिबूट' से 'राणा नायडू 2' तक कृति खरबंदा का नौ वर्षों का सफर उनकी बहुमुखी प्रतिभा, मेहनत और रूढ़ियों को तोड़ने की हिम्मत का प्रमाण है।

## स्टार प्लस ला रहा है नया शो 'माना के हम यार नहीं'

स्टार प्लस अपने दर्शकों के लिए नया शो 'माना के हम यार नहीं' के साथ एक नई और ताज़ा कहानी लेकर आ रहा है। इस शो में मंजीत मक्कड़, कृष्णा का रोल निभा रहे हैं, दिव्या पाटिल शो में खुशी का रोल निभाते नजर आने वाली हैं। शो में दोनों की ज़िंदगियाँ एक-दूसरे से बिल्कुल




अलग हैं, लेकिन किस्मत उन्हें मिलवा देती है। जहाँ खुशी मज़बूत और जिम्मेदार लड़की है, वहीं कृष्णा अपनापन और सादगी से भरे हुए हैं। दोनों मिलकर एक ऐसी कहानी बनाते हैं, जिसमें ढेर सारी भावनाएँ, मोड़ और नए रिश्ते देखने को मिलेंगे। हाल ही में आए प्रोमो में हमें खुशी और कृष्णा की दुनिया की झलक देखने मिलती है। खुशी एक ऐसी लड़की है जो अपने बीमार पिता का सहारा बनने के लिए कपड़े प्रेस करके गुज़ारा करती है। अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए वो एक बड़ा और अनोखा फैसला करते हुए कॉन्ट्रैक्ट ब्राइड (कॉन्ट्रैक्ट वाली दुल्हन) बनने के लिए इंटरव्यू देती है।वहीं दूसरी तरफ, कृष्णा को ऐसे इंसान के रूप में दिखाया गया है जो आसानी से हर किरदार में ढल जाता है, चाहे डॉक्टर हो, पुलिस वाला या अब दूल्हे की भूमिका। उनकी पहली मुलाकात कोर्टरूम में होती है, जिसे एक वकील ने तय किया है, जहां दोनों एक कॉन्ट्रैक्ट मैरिज की शर्तों से बंध जाते हैं। खुशी के लिए यह कदम प्यार नहीं बल्कि जीने का सहारा है, जबकि कृष्णा का मस्तमौला अंदाज और चार्म इस रिश्ते में एक नया रंग भर देती हैं।

## सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म 'जटाधारा' सात नवंबर को रिलीज होगी



सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर बाबू की फिल्म 'जटाधारा' सात नवंबर को रिलीज होगी। जी स्टूडियो की फिल्म 'जटाधारा' सात नवंबर को हिंदी और तेलुगु भाषा में रिलीज होगी। इस फिल्म में सुधीर बाबू और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल में हैं।फिल्म के निर्माताओं ने 'जटाधारा' का मोशन पोस्टर रिलीज कर दिया है। पोस्टर में अच्छाई और बुराई, प्रकाश और अंधकार, मानव इच्छा और ब्रह्मांडीय नियति का संघर्ष दिखाया गया है। फिल्म 'जटाधारा' में सुधीर बाबू और सोनाक्षी के अलावा दिव्या खोसला कुमार, शिल्पा शिरोडकर, इंदिरा कृष्णा, रवि प्रकाश, नवीन नेनी भी दिखाई देंगे। फिल्म 'जटाधारा' के प्रोड्यूसर्स उमेश कुमार बंसल, शिविन नारंग, अरुणा अग्रवाल, प्रेरणा अरोड़ा, शिल्पा सिंघल और निखिल नंदा शामिल हैं। को-प्रोड्यूसर अक्षय केजरीवाल और कुसुम अरोड़ा हैं। क्रिएटिव प्रोड्यूसर दिव्या विजय और सुपरवाइजिंग प्रोड्यूसर भाविनी गोस्वामी हैं। फिल्म का साउंड जी म्यूजिक कम्पनी ने दिया है।

## नवरात्रि पर तिवारी और विभूति लेंगे नारी अवतार

त्योहार अपने साथ खुशियाँ, रंग और जश्न लाते हैं, लेकिन एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' में ये त्योहार हंसी का डबल डोज भी लेकर आते हैं! इस नवरात्रि, दर्शकों को मिलेगा एक मजेदार सरप्राइज़, जब रोहिताश्व गौड़ और आसिफ शेख नजर आएंगे अनोखे महिला अवतारों में। साड़ी-लहंगे पहनने से लेकर भारी गहनों और मेकअप तक- उनका यह अवतार दर्शकों को खूब गुदगुदाएगा। कहानी में मजेदार मोड़ तब आता है जब तिवारी और विभूति अपनी-अपनी भाबी जी के साथ डांडिया खेलना चाहते हैं। लेकिन मुश्किल तब खड़ी होती है जब अनीता को अपनी ग्रूमिंग क्लास की स्टूडेंट से सिर्फ महिलाओं के लिए होने वाले डांडिया नाइट का स्पॉन्सरशिप मिल जाता है और वह अंगूरी के साथ वहां जाने का फैसला करती है। दोनों पुरुष, भाबियों के साथ डांडिया खेलने की जिद में, एक शरारती प्लान बनाते हैं



और इस सेलिब्रेशन में महिलाओं का वेश बनाकर पहुंच जाते हैं। रोहिताश्व गौड़ उर्फ मनमोहन तिवारी कहते हैं, गरबा ट्रैक के लिए महिला का रूप धारण करना मेरे लिए बेहद ख़ास और मज़ेदार अनुभव रहा। मैंने पहले भी ऐसे अवतार निभाए हैं, लेकिन इस बार त्योहार का माहौल इसे और भी खास बना रहा था। लहंगा-चोली, डेलिकेट ज्वैलरी और लंबे घुँघराले बालों ने मुझे पूरी तरह बदल दिया। जब मैंने आईने में खुद को देखा, तो मैं भी हैरान रह गया। आसिफ शेख उर्फ विभूति नारायण मिश्रा बताते हैं, मैंने पहले भी कई बार महिला रूप धारण किया है, लेकिन इस बार का गरबा अवतार अपने आप में अलग ही आकर्षण लिए हुए था। लहराते बालों वाली हेयरस्टाइल, चमकदार आई मेकअप और झिलमिलाते गहनों ने मुझे ऐसा महसूस कराया जैसे मैं पूरी तरह से किसी नई शख्सियत में ढल गया हूँ।

# युवा संगम योजनांतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का हुआ आयोजन

## प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा 152 युवक/ युवतियों का चयन कर ऑफर लेटर किए प्रदान



### 3 हितग्राहियों को 14 लाख रुपये का ऋण वितरण हुआ

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता व नगर पालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे की मौजूदगी में युवा संगम योजनांतर्गत रोजगार/ स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में सोमवार को किया गया। अतिथियों ने मंच से युवक/ युवतियों को ऑफर लेटर एवं हितग्राहियों को ऋण वितरण पत्रक प्रदान किए।

यह कार्यक्रम राज्य शासन व जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, शासकीय आईटीआई नरसिंहपुर और रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। युवा संगम कार्यक्रम में लगभग 310 युवक/ युवतियों द्वारा अपना रजिस्ट्रेशन कराया गया। रोजगार के लिए नवभारत फर्टीलाईजर जबलपुर द्वारा 16, हेल्थ अनबॉक्स प्रा. नरसिंहपुर द्वारा 17, शिवशक्ति एग्रीटेक जबलपुर द्वारा 18, पुखराज हेल्थकेयर जबलपुर द्वारा 11, राव्या वर्कफोर्स प्रा.लि. लखनउ उत्तरप्रदेश द्वारा 53, एलआईसी इंडिया नरसिंहपुर द्वारा 10 और रिलायबल फर्स्ट एडकॉम प्रा. जबलपुर द्वारा 27 युवक/ युवतियों को विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। उक्त प्रतिष्ठानों द्वारा भर्ती के लिए साक्षात्कार उपरांत कुल 125 और अप्रेंटिसशिप के लिए कुल 27 आवेदकों चयन कर ऑफर लेटर प्रदाय किए गए। इसी प्रकार स्वरोजगार योजनांतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से वर्ष 2025-26 अंतर्गत विगत माह में स्वीकृत प्रकरणों के अंतर्गत कुल 3 हितग्राहियों को 14 लाख रुपये के ऋण पत्रक का वितरण कर स्वरोजगार के लिए लाभांवित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर स्वरोजगार मूलक योजना से संबंधित विभागों द्वारा एवं विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा अपने स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र श्री पंकज पटेल, प्राचार्य आईटीआई नरसिंहपुर श्री एसआर पाराशर, संबंधित विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, हितग्रा?ही और आम नागरिक मौजूद थे।

## 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक पोषण माह का होगा आयोजन

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारत सरकार और संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग मप्र द्वारा माह सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में आयोजित करना सुनिश्चित किया गया है। इस माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर 2025 तक पोषण माह का आयोजन किया जाना है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मोटापा नियंत्रण- चीनी, नमक एवं तेल का सीमित उपयोग, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई)/ पोषण भी पढ़ाई भी, शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, पुरूष सहभागिता, स्थानीय खाद्य एवं उत्पादों को बढ़ावा देना तथा जन साधारण में पोषण के परिप्रेक्ष्य में जीवन के प्रथम 1000 दिवस के महत्व, एनीमिया, बच्चों में शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि, सफाई, स्वच्छता एवं पोषण, किशोरी- शिखा/ पोषण/ सही उम्र में विवाह एवं फूड फोर्टीफिकेशन के प्रति जागरूकता लाना है। पोषण माह के दौरान प्रत्येक स्तर पर जैसे सामुदायिक संगठनों, ग्राम सभाओं, समुदाय आधारित कार्यक्रम, ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस, स्वसहायता समूह उन्मुखीकरण, आशा/ एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा गृह भेंट आदि गतिविधियां की जाएंगी। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा पोषण जागरूकता के लिए पोषण माह 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक आयोजन के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने समस्त विभागों को निर्देशित किया है ।

# अग्रसेन जयंती पर होंगे तीन दिवसीय कार्यक्रम

### अग्रवाल समाज कर रहा जोरदार तैयारियां, निकलेगी शोभा यात्रा



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** अग्रवाल समाज द्वारा श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा । अग्रसेन जयंती पर अग्रवाल समाज , महिला मंडल, अग्रवाल युवा परिषद ने 20 सितंबर से 22 सितंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये है । जिसमे 20 सितम्बर शनिवार को श्री देव बांके बिहारी मंदिर में दोपहर 3.30 बजे से लकी गेम कलेक्ट बैलून आयु 4 से 8 वर्ष के बच्चों के लिए , ढूढ़ते रह जाओगे

**आयु 9 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए, गिलास के अंदर आपके नंबर**

आयु -15 से ऊपर अविवाहित युवक एवं युवती के लिए , बिंदी गेम 50 वर्ष तक महिलाओ के लिए, मूंछे हो तो नत्थूलाल जैसी 50 वर्ष से ऊपर सभी महिलाओं के लिए , सभी गेम के नियम यथा स्थान बताए जाएंगे । 21 सितंबर को रविवार को

शाम 4 बजे से श्रीदेव बांके बिहारी मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमे फैंसी ड्रेस (विभिन्न वेशभूषा स्वेच्छा से ) समय 2 मिनिट आयु 0 से 3 वर्ष तक और 3 से 7 वर्ष तक, डांस प्रतियोगिता (धार्मिक गानों पर ) समय 3 मिनिट आयु - 8 से 12 वर्ष, डांस प्रतियोगिता (मैशअप सोंग ) समय 3 मिनिट आयु - 12 से 18 वर्ष तक , विभिन्न वेशभूषा दोनों डाँस प्रतियोगिता एकल होगी । खुला पिटारा अभिनय तुम्हारा (नाटक) युगल जोड़ी 25 वर्ष से अधिक सभी महिलाओं- पुरुषों के लिए समय 5 मिनिट रहेगा । 22 सितम्बर सोमवार श्री श्री महाराजाधिराज 1008 अग्रसेन जी महाराज का पूजन, अर्चना एवं प्रसादी वितरण समय - प्रात: 9 बजे से श्रीदेव लक्ष्मीनारायण मंदिर, (लाड़ोमोदन) किया जाएगा । दोपहर 4 बजे से श्रीदेव लक्ष्मीनारायण जी मंदिर (लाड़ोमोदन मंदिर) चांवड़ी से शोभायात्रा प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर श्रीदेव बाँके बिहारी जी मंदिर राधावल्लभ वार्ड पहुचेगी वहां समापन किया जाएगा । शाम 6 बजे महाआरती, पुरुस्कार वितरण, प्रतिभा सम्मान समारोह में

समाज के 10वीं एवं 12 वी के मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान व प्रसाद वितरण श्रीदेव बाँके बिहारी जी मंदिर में किया जायेगा। आयोजन मंडल ने अग्रसेन जयंती पर होने वाले कार्यक्रमों उपस्थित होने एवं शोभा यात्रा के दिन अग्रवाल बंधुओ से स्वप्रेरणा से अपने प्रतिष्ठान दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक बंद कर शोभायात्रा में शामिल होकर शोभायात्रा को भव्यता प्रदान करने की अपील की है । 24 सितंबर को शाम 7 बजे से सुखदेव भवन में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया है।



# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

### जनसुनवाई में आए 99 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में आवेदकों ने विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याओं से संबंधित कुल 99 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का तत्काल निराकरण किया। जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में जनसुनवाई के उन आवेदन पत्रों का निराकरण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने भी जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# आनंदम म्यूजिकल ग्रुप ने किया कैकेयी के कलाकारों का सम्मान

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



आनंदम नॉन प्रोफेशनल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पी जी कॉलेज ऑडिटोरियम में नाटक कैकेयी के कलाकारों का सम्मान किया गया 7 ऑडिटोरियम में रामायण के मुख्य किरदार पर आधारित नाट्य प्रस्तुति कैकेयी का मंचन कलासेतु के कलाकारों द्वारा किया गया 7 यह नाट्य प्रस्तुति इतनी मार्मिक रही की दर्शकों की आँखें नम हो गई 7 इस नाटक की लेखक और निर्देशक डॉ स्वाती चांदोरकर ने स्वयं कैकेयी का किरदार निभाया, युवा कैकेयी में यशना तिवारी, महाराज अश्वपति के किरदार में विक्रांत मिश्रा, महाराज दशरथ के किरदार में प्रिंस मुडिया, श्री राम के किरदार में मुकुंद तिवारी, मंथरा के किरदार में डॉ श्वेता सिंह चौहान, गुरु वशिष्ठ में अनूप सेन एवं दासी के किरदार में पिंकी रजक ने अपनी भूमिका निभाई 7 संगीत और प्रकाश संयोजन में अर्जित उपाध्याय मौजूद रहे 7 मंच परे मयंक श्रीवास्तव, संजू बाबा, रजत जैन, गीता बेदी, दीक्षा, एवं अंजलि साहू ने सहयोग किया 7 मंच सञ्चालन सुमित दुबे ने किया।

आनंदम म्यूजिकल ग्रुप ने कलाकारों का सम्मान करते हुए कहा की कला सेतु जिले की एकमात्र ऐसी संस्था है जो विगत 30 वर्षों से नाट्य विधा को जिले में जीवित रखे हुए है और कलासेतु के कलाकारों सम्मान करके ग्रुप गौरवान्वित है 7 आनंदम म्यूजिकल ग्रुप से विजय पटेल,अनिल नेमा, अरविंद पाठक, भागीरथ विश्वकर्मा , मुकेश शर्मा , विकास नेमा, सीमा दीक्षित के साथ साथ बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# किसान, बेरोजगार, अवैध उत्खनन को लेकर नेता प्रतिपक्ष की मौजूदगी में राज्यपाल के नाम जिला कांग्रेस कमेटी ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिले की समस्याओं एवं किसान भाई अत्यंत परेशान है। वर्तमान समय में खेती का कार्य तेजी से चल रहा है, किंतु बाजार एवं सहकारी समितियों में खाद की भारी कमी बनी हुई है। समय पर खाद उपलब्ध न होने के कारण किसानों के फसलों की वृद्धि रुक रही है तथा उत्पादन पर बुरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। किसान भाई खाद लेने समितियों पर घंटों पंक्तियों में खड़े रहते हैं, फिर भी पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं हो पाती। कई बार खुले बाजार में ऊँचे दाम पर खाद बेचने की कालाबाजारी की शिकायतें भी लगातार सामने आ रही है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति और भी कमजोर हो रही है। लगातार हो रही बिजली की कटौती एवं बिजली बिल में बढ़ोत्तरी की समस्या का सामना किसान भाई एवं आमजन मानस कर रहे है। हमारे जिले का युवा पढ़ा लिखा बेरोजगार घूम रहा है यहां रिलायन्स सी.बी.एम. एवं अन्य प्राइवेट कंपनिया स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध न कराकर बाहरी लोगों एवं संसाधनों का उपयोग अपने कार्यों में कर रही है। वोट चोरी जैसी समस्याओं की शिकायते, एक व्यक्ति के अनेक जगह वोटर लिस्ट में नाम आदि की समस्यायें निरंतर रूप में सामने आ रही है। अवैध रेत एवं कोयले का अवैध कारोबार एवं शहर में नशे का अवैध कारोबार सत्ता पक्ष के नेताओं के संरक्षण एवं प्रशासन के संरक्षण में फल-फूल रहा है। उपरोक्त समस्याओं का तत्काल निराकरण करें।

**नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया पत्रकारवार्ता** - नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शहडोल पहुंचकर स्थानीय सक्रिट हॉउस में पत्रकारों को संभोधित करते हुए बताया कि शहडोल में लगातार अवैध कार्य संचालित किया जा रहा है, आदिवासी जमीन की खरीद फरोख्त एवं फर्जी तरीके से रजिस्ट्रार के द्वारा जमीन कि रजिस्ट्री किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि लाडली बहना का पैसा बहनों को समय से मिल जा रहा है, लेकिन मध्यप्रदेश के किसानों को यूरिया खाद समय पर नहीं मिल पा रहा है, जिससे किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। मध्यप्रदेश में नलजल योजना केवल कागजों में सिमटा है, घर घर न नल और न पाईप नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे कई ग्रामीण पानी को लेकर परेशान होते नजर आ रहें है। रेत का अवैध उत्खनन शहडोल जिले में बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। देश के साथ साथ मध्यप्रदेश में भी लाखों वोट कि चोरी हुई है भविष्य में वोट चोरी न हो कांग्रेस कमेटी हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। पत्रकारों के द्वारा प्रश्न पूछे जाने पर कम समय में उत्तर देकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार पत्रकारों से मिलकर कार्यक्रम की ओर चले गये। पत्रकारवार्ता में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व विधायक रामपाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, शहडोल जिला अध्यक्ष अजय अवस्थी कि उपस्थिति में पत्रकारवार्ता हुआ।

# धोखाधड़ी एवं सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



थाना जैतपुर क्षेत्रांतर्गत आवेदक सूर्यप्रकाश पाण्डेय पिता उपेन्द्र पाण्डेय, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम खैरहनी, थाना जैतपुर की लिखित शिकायत पर जैतपुर पुलिस अपराध पंजीबद्ध किया गया था। शिकायत में उल्लेख किया गया कि अनुज शुक्ला पिता रामशिरोमन शुक्ला निवासी ग्राम भठिया द्वारा लगातार फोन पर अमार्यादित गाली-गलौज की जा रही थी तथा सोशल मीडिया पर अशोभनीय भाषा का उपयोग कर आवेदक का नाम व फोटो वायरल किया जा रहा था। साथ ही आवेदक को जान से मारने की धमकी भी दी जा रही थी।

उक्त शिकायत पर जैतपुर पुलिस द्वारा प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान प्राप्त तकनीकी साक्ष्य, मोबाइल नंबरों की जांच एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी अनुज शुक्ला को कटनी से पीछा करते हुए शहडोल में गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न जिलों में कई संगीन प्रकरण दर्ज पाए गए हैं। अनुसंधान के दौरान आरोपी के विरुद्ध कई जिलों में धोखाधड़ी के मामले चल रहे हैं जिसमें शासकीय अधिकारियों का नाम लेकर शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम से आम जनता से 2 करोड़ रूपये से ज्यादा वसूले गए।

## कलेक्टर नेहा मारव्या ने ली मनरेगा की समीक्षा बैठक

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आज कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या की अध्यक्षता में मनरेगा की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर जे.पी. यादव, परियोजना अधिकारी मनरेगा, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, उपयंत्री, एपीओ, सहायक यंत्री सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलेभर में संचालित मनरेगा कार्यों की जनपद पंचायतवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही असफल एवं अनुपयोगी का यों को नियम अनुसार यथावत बंद करने के लिए कहा। लंबित मजदूरी भुगतान को निपटाने के निर्देश भी दिए गए।

# कागजों में बनाया खेत तलाब और फर्जी मस्टर रोल तैयार कर रोजगार सहायक ने निकाल ली राशि

### उपयंत्री की भी भूमिका संदिग्ध

**जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।** ग्राम पंचायत बलौडी मे भ्रस्टाचार का खेल जमकर खेला जा रहा है जिसमे उपयंत्री सहित रोजगार सहायक गोता लगाने मे आमदा है। हालत यह है कि शिकायत के बाद भी उनका कुछ बिगड नहीं रहा है जिस कारण इनके हौसले बुलंद है और कागजो मे कार्य होना दिखा कर फर्जीवाडा करते हुए शासकीय राशि पर डांका डाला जा रहा है।



**कागजो मे हुआ लघु तालाब का कार्य**-ग्राम पंचायत बलौडी पश्चिम मे रोजगार सहायक कमलेश गुप्ता ने उपयंत्री से सांठ गांठ कर लघु तलाब का कार्य कागज मे दिखा कर फर्जी मूल्यांकन कराते हुए शासकीय राशि मे डांका डाला गया है। हितग्राही रमेश पटेल पिता रामकृपाल पटेल निवासी बलौडी द्वारा 10 सितम्बर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर मे शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गयी है। शिकायतकर्ता ने शिकायत की कांपी उपलब्ध कराते हुए बताया गया कि रोजगार सहायक कमलेश गुप्ता ने मेरे नाम से मेरे खसरा क्रमांक 170/3 का कागज लगाकर खेत तलाब योजना के तहत गलत तरीके से पैसा पास कराकर पैसा दूसरे के खाते मे डालकर निकाल लिया गया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि रोजगार सहायक उपयंत्री से सांठ गांठ कर फर्जी मूल्यांकन कराते हुए फर्जी मस्टररोल तैयार कर लघु तलाब का पैसा दूसरे के खाते मे डालकर बंदर बांट कर लिया गया है जिसकी जानकारी होने पर दोसियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग सीईओ जयसिंहनगर को शिकायत देकर की गयी है किन्तु अभी तक कोई जांच नहीं हुई है। मेरे द्वारा सीएम हेल्पलाइन मे भी शिकायत दर्ज करायी गयी थी किन्तु उसमे गलत जानकारी देकर शिकायत को बंद करा दिया गया और अब समझौता किये जाने का दबाव बनाया जा रहा है।

**खेत में लगी है धान नहीं हुआ कोई कार्य**

रोजगार सहायक ने जिस खसरा क्रमांक मे खेत तलाब का निर्माण कराया जा कर राशि का आहरण किया गया है वंहा धान बोया हुआ है। शिकायतकर्ता ने बताया की पूर्व मे वर्ष 2024 मे मेरे 7 से 8 घंटे तक जेसीबी लगाकर मेढ बनवाया गया था। रोजगार सहायक द्वारा कोई कार्य नही कराया गया है। जिसकी निष्पक्ष जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

#### इनका कहना है

आपके द्वारा जानकारी दी गयी है जांच करा कर कार्यवाही की जायेगी।

**शिवानी जैन**
**सीईओ जयसिंहनगर**


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर

**सार्वजनिक उद्घोषणा**

रा.मा.क्र.49/अ-20(1)/ वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार म.प्र. नजूल निर्वर्तन निर्देश 2020 के तहत स्थायी पट्टाधिकार को भूमिस्वामी हक में संपरिवर्तन हेतु प्रकरण इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/09/2025 को प्रातः 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट क्र. | रकबा | विद्यमान अभिलेख में धारक धारकों के नाम/ पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता माता का नाम पूर्ण नाम पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 11 | कंदेली | 48, 49 | 2205 वर्गफुट | प्रकाश कुमार राय आ. टीकाराम राय निवासी इंद्रा वार्ड कंदेली | प्रकाश कुमार राय आ. टीकाराम राय निवासी इंद्रा वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 03/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर**

# 6 लोगों पर न्यायालय द्वारा 71,000 का कुल समन जुर्माना

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा भापुसे के के आदेश अनुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सलीमानाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन में थाना बाकल पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं क्षेत्र को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान विशेष अभियान अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पाए जाने पर असामाजिक तत्व आरोपीगण थान बाकल के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं वाहन चालकों की सुरक्षा एवं सड़क सुरक्षा के उद्देश्य से थाना स्तर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान मानसिंह यादव पिता संतोष यादव निवासी



खखरा पटना थाना बाकल पर 10,000/, केश कुमार पिता सुरेश चौधरी निवासी मझगांव थाना बाकल 10,000/, भारत लोधी पिता राममिलन लोधी उम्र निवासी माडिया पर 12000/, पुरूषोतम पिता भागीरथ पटेल ग्राम मंगेला 17000/, वेदप्रकाश पिता मोहन यादव निवासी जिला दमोह 10,000/, सियाराम यादव 12,000/, शराब पीकर वाहन चला रहे थे जिनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत चालान किये गये तथा सड़क हादसों की रोकथाम हेतु यह कार्रवाई आगे भी सतत जारी रहेगी।

**क्षेत्रवासियों से अपील**

थाना बाकल पुलिस का उद्देश्य है कि समस्त क्षेत्रवासियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान किया जाए। आमजन से अनुरोध है कि वे कानून का पालन करें, किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि अथवा शराब पीकर वाहन चलाने की घटना की जानकारी तत्काल निकटतम पुलिस थाना या पुलिस हेल्पलाइन नंबर (112) पर दें। नागरिकों का सहयोग कानून व्यवस्था की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। थाना बाकल पुलिस नागरिकों से निरंतर संवाद एवं सहयोग बनाए रखने हेतु कटिबद्ध है। क्षेत्र में सौहार्द, सुरक्षा, एवं विश्वास बहाली के लिए प्रतिबद्ध प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

**फोटो : विकास गुप्ता**



# टीआई के कमिटमेंट पर छात्र-छात्राओं ने बजाई तालियां

कटनी (स्वतंत्रमत)।

ढीमरखेड़ा के शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सड़क पर खड़े होकर प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मांग थी कि ढीमरखेडा शासकीय महाविद्यालय के सामने स्पीड ब्रेकर बने ताकि वाहन दुर्घटना ना हो। सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया और थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा छात्र-छात्राओं को समझाइश दी। तथा अस्वस्थ किया गया कि रोड स्टड के माध्यम से स्पीड ब्रेकर तत्काल ही बनाए जाएंगे। और सीमेंट तथा डामरीकरण वाले स्पीड ब्रेकर अगले 12 दिन में बनकर तैयार हो जाएंगे प्रशासन द्वारा दिए गए पर विद्यार्थी आशंकित नहीं हों इसलिए मौके पर मौजूद थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा अभिषेक चौबे ने विद्यार्थियों से कहा कि कमिटमेंट कर दिया तो कर दिया। इस पर तालियां बजाई और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। 15 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे हुए हाईवे एक्सीडेंट मामले से रुष्ट होकर छात्रों के द्वारा यह प्रदर्शन किया गया।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# कटनी को मिला अजाक्स का प्रांतीय नेतृत्व

## सोहन लाल चौधरी को सौंपी गई प्रांतीय संयुक्त सचिव की कमान

कटनी (स्वतंत्रमत)। अजाक्स के जिला महासचिव पूर्णेश उइके ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजाक्स जे.एन. कंसोटिया द्वारा कटनी के पूर्व जिला अध्यक्ष सोहन लाल चौधरी को उनके कार्य, कुशलता एवं क्षमता को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व द्वारा मध्यप्रदेश अजाक्स का प्रांतीय संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी सौपी गई है, उनके इस नियुक्ति से निश्चित रूप से कटनी एवं आसपास के जिलों में अजाक्स को बेहतर मजबूती प्रदान मिलेगी, इसके पूर्व कटनी जिले में लम्बे समय तक अजाक्स जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी थी जिन्होंने कटनी में अधिकारी/कर्मचारी तथा युवाओ एवं समाजिक संगठनों के बीच गाँव गाँव जाकर जनजागृति लाकर मिशाल पेश की थी, जिसे देखते हुए प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें अपनी कोर कमेटी में स्थान दे दिया है। उनकी इस नियुक्ति से जिले के अजाक्स साथियो के साथ साथ, युवा एवं अन्य सामाजिक संगठनों मे खुशी की लहर दौड़ गई है।

इनकी नियुक्ति से रामकालेश साकेत अजाक्स जिला अध्यक्ष सतना, गोंडवाना समाजिक उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष क्रांति कुँवर मरावी, जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सैयाम, संरक्षक ए.के. कोरी, अनुज दाहिया, अरविंद सिंह धुर्वे अजाक्स जिलाध्यक्ष अजाक्स महिला प्रकोष्ठ की पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतिमा सिंह धुर्वे, विमला रैदास, संगीता अहिरवार, कौशिल्या सिंह, ममता रैदास, मृत्युजय सिंह धुर्वे, सुलोचना सिंह, देवी सिंह अरविंद झारिया, चंदभान बौद्ध, राकेश सिंह लोधी कुणाल कोल, आशुतोष धुर्वे, ओम प्रकाश सकतेल संतोष कुमार गौटिया, डॉक्टर विष्णु कोल, रवि गोंटिया सुग्रीव मरावी, सुगराम रैदास बैसाखू राम रैदास, बलवीर सिंह गुड्डा प्रसाद रैदास, मंगल सिंह मराबी, दिनेश झारिया बृजभान सिंह मरावी, वीरेंद्र सिंह धुर्वे, जय कुमार चौधरी, अरविंद सिंह टेकाम, राम सूर्यवंशी, मनीषा सिंह धुर्वे, गोपाल प्रसाद चौधरी, अरविंद सिंह, विनोद सिकरवार, रामावतार वर्मा, सुजान सिंह, ओंकार चौधरी, दादा महाराज सिंह, सहनाम सिंह, रमेश प्रसाद रावते, उत्तम सिंह मार्को, भारत सिंह मार्को रमाधार दाहिया, बृजेश चौधरी, विनेक परस्ते, रामदास चौधरी, वृंदावन चौधरी, जगजीवन लाल, गुमान सिंह ठाकुर, अनिल दीवान, किशन लाल भूमिया, शारदा कुण्डे, विजय चौधरी, तान सिंह मार्को, अनिल सूर्यवंशी, बादल सिंह, सुरेश कोल, दशरथ पोरते, जीतू बौद्ध, संदीप रैदास, सुरेन्द घरते, वचन सैयाम, राजकुमार चौधरी, कमलेश तेकाम, सुभाष चौधरी, राजेश चौधरी, संतु रैदास, गणेश सिंह मराबी, धूप सिंह टेकाम, जयपाल उइके, मनोज कोरी, मनोज कोल, सोनू बेन, योगेश कोल, अर्जुन कोल, नागेंद्र अहिरवार, चंद्रहास आर्मो, गवेंदृ उरेती, जयंत कश्यप, सुभाष चौधरी, रामसुजान चौधरी, सन्तु रैदास, जीतू बौद्ध आदि साथियों ने खुशी व्यक्त की है एवं बधाई प्रेषित की है तथा प्रदेश नेतृत्व का अभार व्यक्त किए हैं।

# नवागत कलेक्टर की संवेदनशीलता, खुद उठ कर पहुँचे वृद्ध दिव्यांग के पास, सुनीं समस्या



कटनी (स्वतंत्रमत)। जनसुनवाई में मंगलवार को एक ऐसा वाकया देखने को मिला जिसने हर किसी का दिल छू लिया। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे एक वृद्ध दिव्यांग को कुर्सी में बैठा देखकर संवेदनशील नवपदस्थ कलेक्टर आशीष तिवारी खुद अपनी कुर्सी से उठकर वृद्ध दिव्यांग से मिलने जा पहुँचे और पूछा कि-दादा कैसे आना हुआ बताइये।

इस पर ढीमरखेड़ा क्षेत्र के मुरवारी गाँव के निवासी परदेशी बर्मन ने कलेक्टर को बताया कि वह आबादी पट्टा भूमि से जुड़ी समस्या लेकर आए हैं। परदेशी ने बताया कि जिस जमीन पर उनका घर बना हुआ है, वह वर्ष 2022 के बाद से किसी और व्यक्ति के नाम पर दर्ज हो गई है। इस वजह से वे काफी परेशान हैं। इस पर कलेक्टर ने उनकी समस्या के निराकरण हेतु एसडीएम ढीमरखेड़ा को निर्देशित किया। इसके पहले जब कलेक्टर ने वृद्ध दिव्यांग परदेशी को देखा, तो उन्होंने एक पल भी देर नहीं किया और वे तत्काल अपनी कुर्सी से उठे और उनके पास जाकर उनकी समस्या सुनीं। उन्होंने परदेशी से आवेदन लिया और एसडीएम ढीमरखेड़ा को जाँच कर जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए।

## अधिकारियों को दे रहे निराकरण के निर्देश

कलेक्टर आशीष तिवारी कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सुन रहे लोगों की समस्याएं। अधिकारियों को दे रहे निराकरण के निर्देश। कलेक्टर अब तक 63 आवेदकों की समस्याओं और शिकायतों को सुन कर निराकरण के निर्देश दे चुके हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र और डिप्टी कलेक्टर विंकी सिंहमारे उइके सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद हैं। **फोटो : विकास गुप्ता**



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर विजयराघवगढ़ में विशेष पूजा-अर्चना और यज्ञ आयोजन

**विधायक संजय पाठक द्वारा संकटमोचन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन की कामना**

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** संकट मोचन मंदिर परिसर में विधायक संजय पाठक एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन एवं विश्व कल्याणार्थ के साथ ही देश प्रदेश एवं क्षेत्र पर ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त हो इसके आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार साथ ही विधिवत पूजन, अनुष्ठान व हवन कुंड में आहुति दी जाएगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से आयोजित होगा हवन के पश्चात प्रसाद, भंडारे का भी आयोजन होगा। इस विषय में विधायक संजय पाठक ने बताया कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 से देश की बागडोर संभालने के बाद से अनवरत देश सेवा में कार्य



करने वाले प्रधानमंत्री जन्मदिन सभी कार्यकर्ता सेवा दिवस के रूप में मानते हैं। उनके नेतृत्व में भारत को एक नई पहचान मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर मां भारती का नाम गुंजायमान हुआ है और भारत विश्वगुरू की ओर अग्रसर है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर तक हम सभी कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा मनाएंगे इसके तहत रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, प्रदर्शनी, लगाई जाएगी।

## हिंदी दिवस पर अजय प्रताप सिंह बघेल का हुआ सम्मान

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** हिंदी दिवस 14 सितंबर को बिलासपुर (छ.ग.) में कायस्थ समाज एवं संचेतना फाउंडेशन द्वारा आयोजित कला-साहित्य समारोह एवं कवि सम्मेलन में अनेक कवि-कलाकारों सहित कटनी जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं साहित्य सम्मेलन कटनी इकाई सचिव अजय प्रताप सिंह बघेल का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर साझा काव्य संग्रह स्पंदन जिसमें बघेल की रचना है, का विमोचन भी किया गया।

# आज कटनी पहुंचेंगे सांसद विष्णुदत शर्मा

कटनी (स्वतंत्रमत)। खजुराहो के सांसद और भारतीय जनता पार्टी भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए 17 सितंबर, बुधवार को कटनी आ रहे हैं। यह जानकारी भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने दी। उन्होंने बताया कि सांसद विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे सांसद सुबह 11 बजे शासकीय जिला अस्पताल में प्रधानमंत्री के भाषण के सीधे प्रसारण और स्वास्थ्य शिविर में



भाग लेंगे। दोपहर 12 बजे जिला अस्पताल में भारतीय जनता युवा मोर्चा भाजयुमो द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में मौजूद रहेंगे। दोपहर 12:30 बजे भाजपा जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर आधारित सचित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन करेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन, जिला प्रभारी संजय साहू, विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येंद्र पाठक, मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह, महापौर प्रीति सूरी निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने पार्टी के सभी वरिष्ठ सदस्यों, महिला मोर्चा के सदस्यों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर इनकी गरिमा बढ़ाने का आग्रह किया है।

# स्कूलों में बच्चों को ओजोन परत के सम्बंध में दी जानकारी



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** 16 सिंतबर 2025 विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी के क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी के निर्देशानुसार आर. पी. शुक्ला, प्रयोगशाला प्रभारी द्वारा आर.एस. मिमोरियल स्कूल में बच्चों को ओजोन परत के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गई, जिसमे बताया गया कि सी.एफ.सी. क्लोरो फ्लोरो कार्बन का अंधाधुंध उपयोग ओजोन की कमी का कारण बनता है। इसका व्यापक उपयोग सयंत्रों, फ्रिज एवं एयरो सोल में उपयोग किया जाता है। और जब ये वायु मिलती है तो ओजोन परत पर हानिकारक प्रभाव डालती है। जिससे विभिन प्रकार की बीमारिया होती है। अतः अधिक से अधिक वृक्ष लगाये। आर.एस. मिमोरियल स्कूल के बच्चों द्वारा उपरोक्त कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया उक्त कार्यक्रम के फोटोग्राफ संलग्न है। साथ ही शहर के सार्वजनिक स्थान पर नारो स्लोगन के साथ पोस्टर बांटे गये। **फोटो : विकास गुप्ता**

# अवैध शराब कारोबार के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन, बड़े आंदोलन की चेतावनी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ग्राम चरगवा सहित आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रही शराब की पैकारियों के खिलाफ आम आदमी पार्टी कटनी इकाई ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के जिला अध्यक्ष एड. अनिल सिंह सेंगर के नेतृत्व में ग्रामीणों के साथ ज्ञापन देते हुए बताया गया कि गाँव-गाँव में अवैध शराब की बिक्री खुलेआम हो रही है, जिससे महिलाओं और युवाओं में नशाखोरी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसका सीधा असर गांव की सामाजिक व्यवस्था और बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि यदि प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से इन अवैध पैकारियों को बंद नहीं कराया गया, तो ग्रामीण मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएँगे।



हमने कलेक्टर को स्पष्ट कहा है कि यह सिर्फ कानून व्यवस्था का ही नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। शराब माफियाओं और ठेकेदारों द्वारा गाँव-गाँव में फैलाया जा रहा यह जहर अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन तुरंत कार्यवाही नहीं करता है तो हम बड़े स्तर पर जनांदोलन खड़ा करेंगे। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि प्रशासन अविलंब अवैध शराब कारोबार पर रोक लगाए और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करे। इस दौरान एड. अनिल सिंह सेंगर, प्रकाश जैन, विनय पटेल, सुनील मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह राणा, कटोरी सिंह तोमर, बृजमोहन सिंह, देव यादव, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह सेंगर, बिट्टू सिंह, बाजारी कोल, संतोष कोल, लखन सिंह सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**फोटो : विकास गुप्ता**

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## स्वास्थ्य परिदृश्य में बदलाव की पहल

### महिलाओं के लिए चिकित्सा जांच और स्वास्थ्य योजनाओं तक आसान पहुंच

- ईएनटी, नेत्र, रक्तचाप, मधुमेह और दंत जांच
- कैंसर-मुख/स्तन/ग्रीवा
- गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व जांच
- टीकाकरण सेवाएं/एनीमिया का स्तर
- मातृ एवं शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना नामांकन
- आयुष्मान वय वंदना कार्ड
- सिकल सेल कार्ड
- आभा आई.डी. कार्ड पंजीयन
- सेवाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र से सम्पर्क करें



### सुमन सखी चैटबॉट

- महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान देखभाल, उच्च जोखिम कारकों की जानकारी
- स्वास्थ्य योजनाओं और सेवाओं की जानकारी
- 24x7 हिंदी भाषा में उपलब्ध, ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को लाभ




### 8 वां राष्ट्रीय पोषण माह

- चीनी और खाद्य तेल के सीमित सेवन पर जोर
- प्रारंभिक बचपन की देखभाल एवं शिक्षा (पोषण भी पढ़ाई भी)
- पोषण एवं बच्चों की देखभाल में पुरुषों की भागीदारी
- स्थानीय पौष्टिक खाद्य संसाधनों को बढ़ावा

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

- गर्भवती एवं धात्री माताओं को मिलने वाली आर्थिक मदद से उनके स्वास्थ्य और पोषण का ध्यान रखने में सहायता
- महिलाओं को जागरूक कर संस्थागत प्रसव को बढ़ावा
- 18 जुलाई 2025 तक 49 लाख से अधिक महिलाओं को ₹2076 करोड़ की सहायता

### सिकल सेल मिशन

- अब तक 1.17 करोड़ से अधिक जांच पूर्ण
- चिह्नित रोगियों को मिल रही जेनेटिक काउंसलिंग, औषधियां एवं उपचार की निःशुल्क सुविधा
- अब तक 99 लाख से अधिक हितग्राहियों को जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
- सिकल सेल की रोकथाम हेतु प्रीनेटल जांच सुविधा का लाभ



### आदि सेवा पर्व

- जनजातीय समाज को शासकीय योजनाओं से सीधे जोड़ने के इस अभियान से योजनाओं का लाभ सुनिश्चित
- प्रदेश भर के 3 लाख से अधिक जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों द्वारा जागरूकता का प्रसार
- ग्राम स्तर पर सीधे संवाद, आदि सेवा केन्द्रों की स्थापना और शिकायत निवारण की व्यवस्था

### एक बगिया माँ के नाम अभियान

- 'एक बगिया माँ के नाम' परियोजना से स्व-सहायता समूह की महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण
- एक बगिया माँ के नाम ऐप से चयनित 31 हजार से अधिक महिलाओं को परियोजना का लाभ
- 3 वर्ष के भीतर फलोद्यान विकास के लिए मिलेगा ₹3 लाख का अनुदान

# पीएम मित्र पार्क, धार

## देश का सबसे बड़ा, सबसे पहला ग्रीनफील्ड टेक्सटाइल पार्क

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 5F विज़न

**फार्म** – किसान कपास को सीधे कंपनियों को बेचकर बेहतर मूल्य प्राप्त कर सकेंगे

**फाइबर** – पार्क में कपास की जिनिंग सुविधा भी उपलब्ध होगी, इससे कपास की गुणवत्ता में वृद्धि होने से धागा बनाने की प्रक्रिया अधिक कुशल होगी

**फैक्ट्री** – स्पिनिंग से लेकर निटिंग, डाइंग और प्रिंटिंग तक सभी सुविधाएं एकीकृत प्रक्रिया के तहत उपलब्ध होंगी

**फैशन** – गारमेंटिंग, डिजाइनिंग एवं फैशन इंडस्ट्री से जुड़े कौशल के कार्यों में महिलाओं के लिए अवसर बनेंगे

**फॉरेन** – यहां से तैयार कपड़ों के निर्यात से देश में विदेशी मुद्रा में वृद्धि होगी, आर्थिक विकास दर बढ़ेगी

| | | |
|---|---|---|
| पार्क क्षेत्र 2158 एकड़ | पार्क लागत ₹2063 करोड़ | नये रोज़गार लगभग 3 लाख |
| महिलाओं की भागीदारी लगभग 60% | निवेश ₹20,000 करोड़ | 3.5 लाख से अधिक कपास किसानों को लाभ |

**टेक्सटाइल के क्षेत्र में लब्ध-प्रतिष्ठित 91 कंपनियों को निवेश प्रस्ताव के अनुरूप भूमि आवंटित**

D-11103/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# लक्ष्य हमारा जनकल्याण जन-जन का उत्थान



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी

सेवा ही संकल्प,
राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा...
75 वर्ष



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शुभारंभ
स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

लोकार्पण
सुमन सखी चैटबॉट

शिलान्यास
पीएम मित्र पार्क, धार
तथा

8वें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ | प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के 10 लाख हितग्राहियों को किस्त का अंतरण | आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत 'आदि सेवा पर्व' का शुभारंभ

'एक बगिया माँ के नाम' अभियान अंतर्गत पौध वितरण | एक करोड़वें सिकल सेल स्क्रीनिंग काउंसलिंग कार्ड का वितरण

प्रधानमंत्री
नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

17 सितम्बर 2025 | पूर्वाह्न 11:00 बजे | पीएम मित्र पार्क, जिला धार

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in DD News @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP D-11103/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025


हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.